# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 299 । भोपाल, रविवार 29 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बीएमएचआरसी में वृद्ध मरीज की किडनी के लिए पीठ के रास्ते किया ऑपरेशन – पृष्ठ 3

▪ जार्ज पंचम की नाक
▪ ऐ मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया – पृष्ठ 4

▪ निकाली मतदाता जागरूकता रैली, शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ – पृष्ठ 6

मैहर विधानसभा : त्रिकोणीय मुकाबले के आसार – पृष्ठ 8


कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा, बोलीं-

# चुनाव के समय धर्म की बात करते हैं नेता, काम की नहीं



**दमोह, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता चुनाव के समय काम की नहीं धर्म और जाति की बात करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल की मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार के पास क्या अब कोई बहाना बचता है, लेकिन फिर भी आज भाजपा के नेता जनता के बीच में जाकर झूठी घोषणाएं करते हैं। भाजपा नेता समझ चुके हैं कि चुनाव के समय पर खोखली घोषणाएं कर दो, धर्म और जाति की बात कर लो और चुनाव जीतने की जो नैया है वह पार हो जाएगी, इसलिए भाजपा काम करने के लिए तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने और भ्रष्टाचार मिटाने के मुद्दे की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन जब तक जनता स्वयं जागरुक होकर सही दल को वोट नहीं करेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। कांग्रेस महासचिव श्रीमती गांधी आज दमोह में चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रही थीं। जनसभा की शुरूआत में उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती सहित बुंदेलखण्ड के 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए बलिदानियों को नमन किया।

बुंदेलखंड में बेरोजगारी और पलायन का मुद्दा उन्होंने उठाया। प्रियंका ने कहा कि पलायन तभी होता है जब क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं नहीं होती है और आपने क्या कभी सोचा है कि 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज देश और इस प्रदेश में है, मध्यप्रदेश सरकार ने 3 साल में मात्र 21 रोजगार दिए हैं। बहुत से पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों से रोजगार मिलते थे, पर मौजूदा केंद्र सरकार ने वो उद्योगपतियों को सौंप दिए, वहीं जीएसटी लगाकर छोटे उद्योगपतियों की कमर तोड़ दी। हिमाचल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कांग्रेस सरकारों का उदाहरण देते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि कांग्रेस ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## राहुल को है बुंदेलखण्ड की चिंता : कमलनाथ

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान राहुल गांधी ने बुंदेलखंड पैकेज के तहत 8 हजार करोड़ दिलवाए थे, जो भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और घोटाले की भेंट चढ़ गया। भाजपा ने पूरे प्रदेश को चौपट कर दिया है। आगामी चुनाव मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर भी घोषणाओं को लेकर तंज कसा।

## दमोह को छिंदवाड़ा जैसा बना देना : टंडन

जनसभा में विधायक और दमोह विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय टंडन ने कहा कि कमलनाथ जी बस एक ही कृपा करना जैसा छिंदवाड़ा बनाया है वैसा ही दमोह भी बना देना। हम जनता से कहना चाहते हैं हम आपके कर्जदार हैं, हमें आपका कर्ज उतारना है। आप हमारे बब्बा और चाचा को सांसद बनाते आए, उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष बनाते आए, आप विधायक बनाते आए, आप उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाते आए। आपने मुझे भी विधायक बनाया है और मैंने जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का प्रयास किया है लेकिन भाजपा सरकार द्वारा दमोह के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता था। मैं भाजपा के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

केंद्रीय मंत्री शाह ने कमलनाथ के गढ़ में बोला तीखा हमला, कहा-

# कांग्रेस को चला रहे 3 परिवार, प्रदेश का भला नहीं कर सकते



आदिवासियों के विकास और सम्मान के लिए काम कर रही सरकार

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की कांग्रेस में 3 परिवारों का बोलबाला है। एक गांधी परिवार है, दूसरा कमलनाथ का परिवार है और तीसरा दिग्विजय सिंह का परिवार है। उन्होंने कहा कि इन तीन परिवारों में से आदेश गांधी परिवार देता है, निर्देश कमलनाथ परिवार देता है और जब काम बिगड़ जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी दिग्विजय पर डाल दी जाती है। श्री शाह ने कहा कि जिस पार्टी में एकता न हो, वो प्रदेश का भला कैसे कर सकती है? वे आज यहां जिले के जुन्नारदेव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ किया, धारा 370 समाप्त की। ट्रिपल तलाक विरोधी कानून बनाया। आतंकियों पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की। चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग हुई। देश को नया संसद भवन मिला। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण वाला प्रावधान हुआ। पीएफआई जैसे दुर्दांत आतंकी संगठन को एक ही रात में प्रतिबंधित करके आतंकवाद की आशंका को ही समाप्त कर दिया। श्री शाह ने कहा कि भाजपा ने बहुत सारे काम किए हैं, लेकिन वो सिर्फ उन्हीं को समझ में आते हैं, जिनकी जड़ें भारत में हैं। जिनकी जड़ें इटली में हों, उन्हें ये काम दिखाई नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ हमसे पूछते हैं कि आदिवासियों के लिए क्या किया? मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि आजादी के कई साल बाद स्व. अटलजी की सरकार ने जनजातीय मंत्रालय बनाया, जनजाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी जी ने 23 जनजातियों को सूची में जोड़ा। भाजपा सरकार ने वीरांगना रानी दुर्गावती, टंट्या भील, राजा शंकरशाह, रघुनाथ शाह ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## कमलनाथ-दिग्विजय ने मिलकर प्रदेश को लूटा

श्री शाह ने कहा कि राजनीति में परिवारवाद को थोपने वाली कांग्रेस पार्टी देश-प्रदेश का भला नहीं कर सकती। 2018 में जातिवादी आंदोलन की परछाईं में प्रदेश में कमलनाथ की सरकार बन गई थी। जिसके बाद कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने मिलकर प्रदेश में लूट मचा दी। श्री शाह ने कहा कि 350 करोड़ का मोजर बेयर घोटाला, 24 सौ करोड़ का अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, 6 हजार करोड़ का इफ्को घोटाला, 25 हजार करोड़ का कर्जमाफी घोटाला और 1178 करोड़ का गेहूं बोनस घोटाला कमलनाथ से ही जुड़े हैं। श्री शाह ने कहा कि वही कमलनाथ अब फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

## इस बार मध्यप्रदेश में 3 दिवालियां मनाना है

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि हम हर बार एक दीवाली मनाते हैं, लेकिन इस बार मध्यप्रदेश में 3 दिवालियां मनाना है। पहली दीवाली तो दीपावली पर ही मनेगी। दूसरी दीपावली तब मनेगी जब आप प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे। और तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनेगी जब प्रधानमंत्री श्री मोदी के हाथों भव्य राम मंदिर में रामलला की स्थापना होगी।

गुजरात में दिल दहला देने वाली घटना

# एक ही परिवार के 7 लोगों ने की आत्महत्या

**सूरत, एजेंसी।** सूरत में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यापारी के परिवार के तीन बच्चों सहित सात सदस्यों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें संकटपूर्ण परिस्थितियों की बात कही गई है। पीड़ितों में परिवार का मुखिया फर्नीचर व्यवसायी मनीष सोलंकी भी शामिल है। उन्हें छत के पंखे से लटका पाया गया। उनके साथ उनकी पत्नी रीता, पिता कनु, मां शोभा और तीन छोटे बच्चों – दिशा, काव्या और कुशल ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्होंने गंभीर आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया है, हालांकि सटीक कारण की जांच की जा रही है।

**गंभीर आर्थिक तंगी के कारण उठाया यह कदम**

दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताते हुए सूरत में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राकेश बारोट ने कहा, एक परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने एक सुसाइड नोट लिखा है, और हम कारण की पुष्टि कर रहे हैं। आत्महत्या की घटनाओं का पता तब चला जब स्थानीय निवासी आज सुबह मनीष सोलंकी से संपर्क नहीं होने पर चिंतित हो गए। इलाके के निवासियों के अनुसार, सोलंकी ने लगभग 35 बढ़ई और मजदूरों को काम पर रखा था। वह काफी समय से वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

खड़गे बोले- चुनाव के दौरान पहले कभी छापे नहीं पड़े

# भाजपा को भी एक दिन झेलना पड़ेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा, हम 50 सालों से राजनीति में हैं। इससे पहले चुनाव के दौरान ईडी के छापे कभी नहीं पड़े। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा डराना-झुकाना चाहती है। हम डरेंगे नहीं, बल्कि मुकाबला करेंगे। भाजपा हमेशा ऐसा करती है। वो जो कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। एक दिन भाजपा उन्हें भी झेलना पड़ेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भाजपा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का चुनाव खराब करना चाहती है। दरअसल, 26 अक्टूबर को ईडी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित घरों पर रेड की थी। फिर सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट केस में समन भेजा। 27 अक्टूबर को अशोक गहलोत ने ईडी की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया था। उन्होंने कहा- भाजपा ने जांच एजेंसियों के जरिए देश में आतंक फैला रखा है।

## भाजपा नेताओं पर कार्रवाई क्यों नहीं : ममता

दूसरी तरफ, ईडी ने राशन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया। इस पर ममता बनर्जी ने कहा- भाजपा गंदा राजनीतिक खेल खेल रही है। चुनाव से पहले देशभर में विपक्षी नेताओं पर ईडी की छापामार कार्रवाई क्या दर्शाती है? ममता ने भाजपा से सवाल पूछा- क्या किसी भाजपा नेता के घर भी ईडी की छापेमारी हुई है? भाजपा कहती है कि वह सबका साथ, सबका विकास चाहती है। हकीकत में इसका मतलब सबका साथ, सबका सत्यनाश है। ईडी जांच और छापेमारी के नाम पर लोगों पर अत्याचार कर रही है। अंग्रेजों की तरह भाजपा उन सभी पर अत्याचार कर रही है, जो उसके खिलाफ हैं।

टमाटर के बाद अब रुला रही प्याज

# प्याज की कीमत 80 रुपए किलो के पार

बाजार में प्याज की कमी के कारण बढ़ रही कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी महंगे टमाटर के बोझ से लोग उबर भी नहीं पाए थे कि प्याज की कीमत ने लोगों को रुलाना शुरू कर दिया।



नवरात्रि खत्म होने के साथ ही प्याज की कीमत रॉकेट की रफ्तार से भागने लगी है। जो प्याज एक हफ्ता पहले तक 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा था अब वो दिल्ली में 80-85 रुपये किलो प्याज बिक रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले कुछ दिनों में प्याज की कीमत 100 रुपए के पार पहुंच जाएगी। प्याज की बढ़ी कीमत से लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि लंबे वक्त तक टमाटर के बढ़े दामों की वजह से घर का बजट बिगाड़ा, जो अब तक ठीक भी नहीं हो सका, अब प्याज की महंगाई के रुलाने लगी है। प्याज की कीमत में आई इस तेजी के पीछे वजह क्या है आज इसे समझने की कोशिश करते हैं।

## सरकार ने कहा, सप्लाई बढ़ा रहे

बढ़ती कीमतों पर कंज्यूमर अफेयर मिनिस्ट्री ने कहा कि राज्यों के थोक और खुदरा दोनों बाजारों में प्याज का अतिरिक्त स्टॉक भेजा जा रहा है। सरकार ने बताया कि अगस्त के बीच में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, उत्तराखंड, बिहार सहित 16 राज्यों में 1.74 लाख टन प्याज का स्टॉक भेजा गया था।

## नवंबर-दिसंबर तक आएगा नया माल

सब्जी विक्रेताओं की माने तो बाजार में प्याज की कमी है,जिसका असर उसके दाम पर पड़ रहा है। अगले महीने नवंबर-दिसंबर तक बाजार में नया माल आ जाएगा। नए माल के आने तक प्याज की कीमत कम होने की उम्मीद नहीं है। प्याज की आमद कम होने की वजह से इसकी कीमत बढ़ रही है। जो प्याज अभी हफ्ते दिन पहले 20 से 30 रुपये किलोग्राम बिक रहा था, अचानक उसकी कीमत 80 रुपए के पार जा चुकी है। हालात ये है कि सरकार की कोशिशों के बाद भी प्याज की कीमत नियंत्रित नहीं हो पा रही है। दिवाली से पहले प्याज की बढ़ती कीमत ने लोगों के घर के बजट पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। हालांकि उम्मीद है कि विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकार प्याज की कीमत को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएगी।




## सार समाचार

### लायनेस क्लब ने मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

**गुना, देशबन्धु।** लायनेस गुना शक्ति क्लब ने शहर के एक निजी होटल में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया। इस दौरान के दौरान सदस्यों ने महारास का आयोजन किया, जिसमें डांडिया सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुतियां दी गईं।शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजना सिंघल रहीं। इसके अलावा बीना अग्रवाल, दीप्ती, रीता जैन, गुना सिटी क्लब अध्यक्ष पूजा, सचिव नेहा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीमा परिहार ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि का स्वागत ऊषा विजयवर्गीय ने किया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि अग्रवाल और अनीता मित्तल ने किया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों के बच्चों द्वारा गणेश वंदना कर नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शाखा सचिव अंतिमा बंसल ने बीते एक साल की परफोरमेन्स रिपोर्ट प्रस्तुत की। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अंजना सिंह ने साल 2024 के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया, जिसकी अध्यक्ष अनीता मित्तल होंगी। जबकि सचिव अंतिमा बंसल, कोषाध्यक्ष मीनू बंसल को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अंतिमा बंसल और स्वाति अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### आज चांचौड़ा आएंगे प्रहलाद पटेल

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा विधानसभा भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पेंची के समर्थन में रविवार सुबह 10.30 बजे मृगवास में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एक विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की आमसभा की तैयारियों का लेकर शनिवार को कार्यक्रम तैयारियों के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने मंडल मृगवास के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों के साथ चुनाव कार्यालय पर बैठक उपरांत हेलीपेड एवं आमसभा स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक चर्चा की गई। उक्त अवसर पर विधानसभा प्रभारी गोविंद सिंह राठी, विधानसभा संयोजक प्रदीप नाटानी, मंडल अध्यक्ष अरविंद महेश्वरी, भोला सोनी, हरज्ञान गुर्जर, कल्याण लोधा, राजेश साहू, ब्रजकिशोर छीरखेड़ा एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वाल्मिकी समाज ने निकाली शोभायात्रा

**राघौगढ़, देशबन्धु।** कस्बे में भगवान श्रीमहर्षि वाल्मीकी जी के जन्म उत्सव के अवसर पर वार्ड नं (1) वाल्मीकि मंदिर से विशाल शोभा यात्रा, बैंड बाजे, डीजे, ढोल के साथ वाल्मीकि समाज द्वारा निकली गई। इस दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मुय चौराहे पर विमान में विराजमान भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना आरती कर सभी समाज बंधुओ का कुमकुम तिलक लगाकर सभी समाज बंधुओं का फूल मालाओं से स्वागत किया। सर्व हिन्दू संगठन के अध्यक्ष गुलाब सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष श्याम ओझा, अखाड़े के उस्ताज शिव प्रसाद मेर, बनवारी सोनी, सुनील राजपूत, राकेश

### ग्रामीणों को आए दिन परेशान करते है आरोपी

# गोलीबारी से भयभीत परिवार ने पुलिस अधीक्षक से लगाई सुरक्षा की गुहार

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थाना क्षेत्र के बीलाखेड़ी में 26 अक्टूबर को हुई गोलीबारी की घटना से भयभीत हुए पीड़ित के परिजनों ने गुना एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस घटना को लेकर धीरे-धीरे रंजिश की वजह भी सामने आ रही है। मामला आपसी विवाद के अलावा गांव की सरपंची से भी जुड़ा है। पीड़ित परिवार के परिजन विश्वनगर ग्राम पंचायत से सरपंच है, इसी पंचायत में बीलाखेड़ी गांव शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को विश्वनगर ग्राम पंचायत की सरपंच कलाबाई पत्नि रामगोपाल अपने परिजनों के साथ एसपी विजय कुमार खत्री से मिलने पहुंचीं और बताया कि 26 अक्टूबर को उनके गांव में रहने वाले रामबाबू, एहसान सहित आधा दर्जन लोगों ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना में रामबाबू और आर्यमन पारदी घायल हुए थे। विश्वनगर की सरपंच कलाबाई का आरोप है कि फायरिंग करने वाले लोग असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं। वह पंचायत के ग्रामीणों को आए दिन परेशान करते हैं। आरोपियों की दहशत इतनी है कि महिला सरपंच होने की वजह से वह अपना कामकाज नहीं कर पा रही हैं। सरपंच कलाबाई ने रामबाबू पारदी, भारत पारदी, महेश, देवेंद्र, विशाल, दीपक और आजाद की नामजद शिकायत करते हुए बताया है कि आरोपियों ने खेत में पानी दे रहे युवकों पर अंधाधुंध फायर किए थे। गनीमत रही कि फायरिंग के दौरान दोनों युवक नीचे बैठ गए, अन्यथा कोई बड़ी वारदात भी हो सकती थी। सरपंच ने आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एसपी को बताया कि फायरिंग करने वाले लोग आए दिन पंचायत के काम में दखल दे रहे हैं। निर्माण कार्यों को प्रभावित करते हैं और पंचायत द्वारा विकास कार्यों के लिए मंगवाए गए मटेरियल को भी उठाकर ले जाते हैं।

विश्वनगर ग्राम पंचायत की सरपंच के मुताबिक फायरिंग की ताजा घटना के बाद ग्रामीणों के अलावा उन्हें भी डर लग रहा है कि आरोपी इससे भी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए ग्राम पंचायत को सुरक्षाकर्मी मुहैया कराया जाए ताकि वह अपना कामकाज ठीक ढंग से कर पाएं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाईकिल सवार युवक को रौंदा, हुई मौत

▸ बेंहटा गांव के पास हुई घटना

**गुना, देशबन्धु।** गुना-अशोकनगर रोड पर बेंहटा गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने 28 वर्षीय युवक को रौंद दिया। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पगारा निवासी 28 वर्षीय संजीव अहिरवार शुक्रवार शाम बेंहटा से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान अशोकनगर से गुना की तरफ जा रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक से टकराने के बाद बाइक दूर जा गिरी, जबकि संजीव ट्रक के साथ कई फीट तक घिसटता रहा। हालांकि दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और चालक को हिरासत में ले लिया और ट्रक जब्त कर कैंट थाने में रख दिया है।

परिजनों के मुताबिक संजीव अहिरवार पगारा धागा फैक्ट्री में काम करता था। निराशाजनक तथ्य सामने आया है कि संजीव शुक्रवार को काम पर नहीं गया था, अगर वह ड्यूटी पर होता यह दुर्घटना टल सकती थी। संजीव अहिरवार विवाहित था और उसके दो बच्चे भी हैं। हालांकि संजीव की मौत के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचे उसके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कैंट पुलिस ने खानापूर्ति कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। लेकिन शनिवार दोपहर 12 बजे तक चिकित्सक पोस्टमार्टम करने नहीं पहुंचे। पुलिस कर्मचारी बार-बार डॉक्टर से सम्पर्क करते रहे, जिन्हें 10-15 मिनट इंतजार करने के लिए कई बार कहा गया। ऐसे में परिजनों का दुख और बढ़ गया।

## भाजपा नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन



**गुना, देशबन्धु।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की कार्यशैली और पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर बमौरी क्षेत्र के भाजपा केपदाधिकारियों ने शनिवार को राघौगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल वत्स के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। पूर्व भाजपा नेताओं ने दावा किया कि उनके साथ क्षेत्र के एक सैंकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है तथा बमौरी में कांग्रेस प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल के लिये मेहनत करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभात सिंह पटेलिया एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष गोविंद सिंह पटेलिया ने बताया कि विगत काफी समय से हमारे क्षेत्र दुर्गापुर म्याना तथा आसपास के लोग भाजपा सरकार के क्रियाकलापों से परेशान थे। तथा भारतीय जनता पार्टी की विध्वंसात्मक कार्यशैली से वहां घुटन महसूस हो रही थी। तब आरोन के कांग्रेस नेता कल्याण सिंह बीकावत बारछा की प्रेरणा से हमारे क्षेत्र के समस्त लोगों ने जयवर्धन सिंह से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसका उन्होंने तत्काल निदान कराने के निर्देश सम्बंधित जन को दिए। पार्टी में शामिल होते समय आदिवासी नेताओ के साथ भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सरदार पटेलिया एवं जगदीश पटेलिया भी मौजूद थे।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा एक्सीडेंट मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के नअुसार सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अप.क्र. 790/17 धारा 379, 337 भादवि व 39, 192, 146, 196(3) मोटर व्हीकल एक्ट एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 6334/17 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी अभिषेक पुत्र राजेश वाल्मीकि निवासी मथुरा नगर गुना के संबंध में शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

### तथ्य और सत्य के आधार पर वोट करें : उपाध्याय

**गुना, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर गुना विकास मंच और सिविल सोसायटी की गुरुवार को एक साझा मीटिंग स्थानीय हीरा बाग में सम्पन्न हुई। जिसमें गुना जिले में सक्रिय अनेक सामाजिक संस्थाएं, राजननीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। एक साझा सहमति बनी कि जल्द ही एक अपील जारी होगी व विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। विषय प्रवर्तन करते हुए लोक अधिकार मंच के राजीव रंजन उपाध्याय ने कहा कि देश अपने वोट से आगामी 5 वर्ष के लिए अपने लिए 5 राज्यों में सरकार चुनने जा रहा है। सरकार बदलने का अवसर नागरिकों के हाथ में होगा, यह निर्णय का वक्त है। हम चाहते हैं लोग तथ्य और सत्य के आधार पर वोट करें।

भ्रष्टाचार विरोधी मंच के राकेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार का शासन आजादी के आदोलन के मूल्यों को नष्ट करने वाला, संवैधानिक संस्थाओं को समूल बदलने वाला, महा भ्रष्टाचार के घपले घोटालों पर चुप्पी साधने वाला रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के डॉ. शाहिद ने कहा कि इस दौर में राष्ट्रीय मीडिया को भोपू में बदल दिया गया है रोज नए नए झूठ परोस कर हमारी स्वतंत्र चेतना को दूषित किया जा रहा जनमत के बड़े हिस्से को गुमराह किया जा रहा है। सीपीआई के मनोहर मिरोठे ने मध्यप्रदेश में भाजपा के बीस साल के साशन को कुशासन बताया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग की बदहाली पर सवाल उठाए। भारत जोड़ो अभियान के डॉ. पुष्पराग शर्मा ने कहा कि बीजेपी से जुड़े नेताओं की भ्रष्टाचार से अर्जित आय का अनुमान लगाना मुश्किल है।

### सागर अग्रवाल बने जेसीआई गुना पायोनियर के अध्यक्ष

**गुना, देशबन्धु।** जेसीआई गुना पायोनियर की चतुर्थ साधारण सभा का आयोजन एक निजी होटल में हुआ। सभा का प्रारंभ परंपरागत रूप से जेसी आस्थाओं के वाचन के साथ किया गया। वर्तमान अध्यक्ष मयंक अग्रेस द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र में शानदार कार्य करने के लिए विभिन्न कोऑर्डिनेटर को सम्मानित किया गया। जिसमें जैसी सप्ताह के सफल आयोजन के लिए चित्रांक अग्रवाल, निकित जैन एवं सुमित मथुरिया को सम्मानित किया गया। नीड ब्लड कॉल जैसीस के लिए सुमित अग्रवाल को, यश तायल को बर्थडे कोऑर्डिनेटर के लिए, जैसी अभिषेक अग्रवाल को एनिवर्सरी कोऑर्डिनेटर के क्षेत्र में शानदार कार्य के लिए सम्मानित किया। जैसी पुष्पेंद्र श्रीवास्तव जी को एनएलटीएस एग्जाम के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही पूरे सदन द्वारा डॉ विकास सोनी को प्रोविजनल जॉन ट्रेनर के रूप में चयनित होने पर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इसके बाद चुनाव अधिकारी वैभव टांटीया द्वारा जॉन की तर्ज पर चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें कैंडिडेट प्लेटफार्म एवं कोकस के बारे में बताया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा सागर अग्रवाल को वर्ष 2024 के लिए सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया। सागर अग्रवाल द्वारा आगामी वर्ष के लिए अपने विचार व्यक्त किए एवं संस्था को नया आयाम छूने का भरोसा दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा आगामी वर्ष के लिए सचिव पद पर यश तायल को चुना। साथ ही सदन ने सर्वसम्मति से जेसी नितिन शर्मा को जेसीआई पायोनियर क्रिकेट टीम का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष, मेंटोर, फाउंडर मेंबर एवं सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आभार अंशुल तायल द्वारा दिया गया।



## कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीण अंचल का किया दौरा, मांगे वोट



**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान अपने चुनावी जनसंपर्क को व्यवस्थित एवं आक्रामक तरीके से बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गुलाबी ठंड के चलते चुनावी गर्माहट तेज हो चुकी है। दिनों दिन कांग्रेस के नेता पदाधिकारी एवं समर्थकों में उत्साह और उमंग बढ़ता जा रहा है।कांग्रेस उम्मीदवार जहां सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क पर निकल जाते हैं तो उनके कार्यकर्ता उनसे पहले जनसंपर्क की अगवानी में तत पर नजर आ रहे हैं। कमल सिंह चौहान ने आष्टा विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारीपूर्व पदाधिकारी के साथ चुनाव कार्यालय में मंत्रणा की एवं व्यवस्थित तथा तथा नियमित जनसंपर्क बना रहे इस हेतु गांव-गांव में समर्थकों तक पहुंचा जा सके इसके लिए रणनीति तैयार की गई। कार्यालय में यह मंत्रणा दोपहर 12 बजे तक चलती रही तत्पश्चाप सभी नेता एवं समर्थकों ने इन ग्रामों का जनसंपर्क किया। भीमपुरा, नवरंगपुर, शंकरपुर, बमुलिया भाटी, भौरासा,अरनिया दाऊद,अरनिया राम, भटोनी,पांगरी छापर, देवली रहा।

जनसंपर्क में क्षेत्र के ताकतवर नेता बलवंत सिंह भगत जी पूर्व जनपद अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शोभा खेड़ी सावल सिंह मोगली नरेंद्र सिंह भाटी राजकुमार मालवीय पार्षद, कमल सेठ, गुलाब बाई ठाकुर,अजय ठाकुर युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, गोलू ठाकुर हाजीपुर हाजीपुर, धर्मेंद्र भाई राजकुमार नौगांव जगदीश द्रविड़ कार्यालय प्रभारी मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्रो में जनसम्पर्क, बताई भाजपा की उपलब्धियां



**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने सिद्धिकगंज मंडल के विभिन्न ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया एवं अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं विकास कार्यों की ग्रामीणों से चर्चा की सर्वप्रथम भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा ग्राम आरोलिया, लसुड़िया पार से जनसंपर्क की शुरुआत की। इसके बाद ग्राम खजुरिया कसम बालाखेड़ा नीलबड़ बांदरिया डाल होते हुए लाखीया गाजना कुरली ऊरली में जनसंपर्क कर उपस्थित ग्रामीण जनों को संबोधित किया। अपने भाषण में भाजपा प्रत्याशी गोपाल इंजीनियर ने कहा कि भाजपा सरकार ने विगत वर्षों में जो को विकास की गंगा बहाई है वह अविस्मरणीय है पहले की सरकार और अबकी सरकार में फर्क है लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना सभी को सम्मान मिल रहा है किसानों को सम्मान निधी मिल रही हैं जन सम्पर्क यात्रा नांजी पुरा कोडक पुरा अमरपुरा गुराड़िया खुर्द आमला मंजू गुराड़िया कला पारदी खेड़ी में विश्राम किया इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू गुणवान सिद्धिकगंज मंडल अध्यक्ष प्रताप जाट जनपद सदस्य वीरेंद्र सिंह आष्टा मंडल अध्यक्ष सुनील परमार वीरेंद्र सिंह भाटी भाजयुमो जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर महामंत्री नरेंद्र सिंह तुलसी राम सेठ बाबूलाल सरपंच भेरू सिंह दरबार राम सिंह सरपंच धीरेंद्र सिंह ठाकुर यशपाल सिंह सवाई सिंह ठाकुर प्रदीप सिंह पटाडा आदि उपस्थित थे।

## संतोषी माता मंदिर प्रांगण में 3 दिवसीय गरबे का शुभारंभ



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां संतोषी माता का भंडारा संपन्न हुआ एवं भारतीय संस्कृति आगे बढ़ते हुए एवं माता रानी की आराधना हेतु तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभमां अंबे के चित्र के समीप माल्या अर्पण कर दीपप्रज्वलित प्रेम नारायण शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर अखिल भारतीय कुशवाहा महिला महासभा उपाध्यक्ष श्रीमती गीता नरेंद्र कुशवाहा नवरत्न महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनीता बबनराव माहडीक श्रीमती सोनू राहुल कुशवाहा श्रीमती आशा प्रकाश कुशवाहा श्रीमती उषा देवकरण कुशवाहा सभी अतिथिगणों ने गरबा महोत्सव प्रारंभ कराया माता रानी की वंदना के साथ छोटी-छोटी कन्याओं ने गरबा महोत्सव में भाग लिया वही एक रंग की ड्रेस में कपल गरबा भी किया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति में गरबे में भाग लिया इस अवसर पर श्रीमती पार्वती बाई कुशवाहा श्रीमती अमरीबाई कुशवाहा श्रीमती यशोदा बाई कुशवाहा श्रीमती शांति देवी कुशवाहा श्रीमती सुनीता चोपड़ा। आभार नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने व्यक्त किया।

### गदर करने से मना किया तो आरोपी ने की मारपीट

**आष्टा, देशबन्धु।** पार्वति थाना अंतर्गत इंदौर नाका शाह बाबा दरगाह के पास शोर करने से मना किया तो आरोपी ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि शाहजेब पिता अब्दुल करीम निवासी इंदौर नाका ने दरगाह के पास शोर करने से मना किया तो आरोपी फैजान पिता साजिद निवासी भोईपुरा ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया

### दुर्घटना के बाद आरोपियों ने फरियादी को पीटा, मामला दर्ज

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर थाना अंतर्गत तेज गति वाहन चलाकर टकरा दी। धीरे गाड़ी चलाने का कहने पर आरोपीयो ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि फरियादी बाबूलाल कुशवाह निवासी राठौर मंदिर के पास के लड़के धन्ना कुशवाह खडे थे तभी दो लड़के मोटरसाईकिल से आए और टक्कर मार दी। जब उनसे धीरे वाहन चलाने का कहा तो दोनो ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया फरियादी बाबूलाल कुशवाह एवं धन्नालाल को गंभीर चोट आई। जिसके कारण भोपाल रैफर किया गया है। पुलिस ने यश ठाकुर एवं अन्य के खिलाफ धारा 294,323, 324,506/34,279,194 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### इछावर में कांग्रेस प्रत्याशी पटेल को मिल रहा जनसमर्थन

# भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाने चल रही परिवर्तन की लहर



**इछावर, देशबन्धु।** इस बार जनता भाजपा के कुशासन से छुटकारे के लिए प्रदेश में परिवर्तन की लहर लाने वाली है, इछावर में बुनियादी सुविधाओं को तरसने वाली क्षेत्र की जनता भी परिवर्तन के लिए कांग्रेस के साथ है।

यह विचार शनिवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने अपने जनसंपर्क के दौरान कहे। भाजपा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा ने पूरे प्रदेश को बर्बाद कर दिया। इसलिए क्षेत्र की जनता हमें समर्थन कर रही है। आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा में प्रदेश और क्षेत्र में परिवर्तन के लिए अपना मतदान करें।

शनिवार को कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक श्री पटेल ने अपने जनसंपर्क की शुरूआत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालापुरा से की ओर उसके पश्चात बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ ग्राम हालियाखेड़ी, गोयलखेड़ी, घेंघी, परोलिया, बागनखेड़ा और बिजौरी आदि में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने श्री पटेल का आत्मिय स्वागत किया। श्री पटेल ने कहा कि बीजेपी सरकार ने युवाओं को अंधकार में धकेला है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड किया है। प्रदेश में बीजेपी के 18 साल शासन के दौरान अनेकों भर्तीयों में घोटाले हुए, व्यापम घोटाला, पटवारी परीक्षा घोटाला, शिक्षा भर्ती घोटाला, कृषि विभाग भर्ती घोटाला में अयोग्य लोगों को नौकरियां दी गई जबकि पढे लिखे और योग्य युवाओं के साथ धोखा किया गया।

### भाजपा के पक्ष में चल रही बयार




**सीहोर, देशबन्धु।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा की बयार बह रही है। ये बयार मतदान के समय आंधी में बदल जाएगी और कांग्रेस पत्ते की तरह निकल जाएगी। श्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा भारत माता की वैभवशाली स्वरूप की कामना करती है। जबकि कांग्रेसी हमेशा से तुष्टीकरण के हिमायती है पर भाजपा देश को और अपनी संस्कृति को महत्व देती है।

वह आज लीसा टाकीज पर आयोजित भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय ने आमसभा में कहा कि मैंने सेवा के भाव रखते हुए सीहोर विधानसभा में रिकार्ड विकास कार्य कराए है और पिछले दस वर्षों से आपकी सेवा करते आ रहा हूं। केन्द्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं।

जनसभा के पहले रैली शहर के लीसा टाकीज चौराहे से निकाली गई थी, रैली में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सीहोर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्री राय के साथ शामिल हुए, रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लीसा टाकीज चौराहे पर मैदान पर पहुंची और जहां भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, भाजपा के युवा नेता सन्नी महाजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य ने यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से भाजपा को विजय बनाने का संकल्प दिलाया।

# बीएमएचआरसी में वृद्ध मरीज की किडनी के लिए पीठ के रास्ते किया ऑपरेशन

## प्रदेश का पहला अस्पताल बना

**भोपाल, देशबन्धु।** 74 वर्षीय गैस पीड़ित मरीज की पथरी की वजह से किडनी खराब हो गई। शरीर में संक्रमण को फैलने से बचाने के लिए किडनी को निकालना आवश्यक था, लेकिन मरीज के कमजोर हार्ट की वजह से पेट के रास्ते लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन (ट्रांसपेरिटोनियल अप्रोच) करना काफी जोखिम भरा था। इस स्थिति में भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एवं शोध संस्थान (बीएमएचआरसी) के चिकित्सकों ने अत्यंत कठिन तकनीक का इस्तेमाल कर पीठ के रास्ते (रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच) ऑपरेशन कर मरीज का निशुल्क इलाज किया। प्रदेश में पीठ के रास्ते से किडनी का ऑपरेशन करने का यह पहला मामला है। मरीज अब स्वस्थ है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

बीएमएचआरसी के यूरोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ अभिषेक चौबे ने बताया कि 74 वर्षीय गैस पीड़ित मरीज को बीते कई महीनों से किडनी में पथरी थी। इसकी वजह से उन्हें बार-बार बुखार आता था। जांच में पता चला कि उनकी एक किडनी खराब हो चुकी है और अन्य अंगों को संक्रमण से बचाने के लिए इस किडनी को निकालना आवश्यक था। लेकिन ऑपरेशन से पहले हुई जांचों से पता चला कि मरीज का हृदय केवल 20 फीसदी काम कर रहा है। उनके बाएं फेफड़े में एक गठान और दोनों फेफड़ों के बेस में फाइब्रोसिस है। ऐसी स्थिति में ऑपरेशन के दौरान मरीज को ब्लीडिंग की वजह से दिल का दौरा पकड़ने और फेफड़ों के दब जाने की आशंका थी। ऐसी स्थिति में पेट के रास्ते ऑपरेशन करना मुमकिन नहीं था। हालांकि आमतौर पर अधिकतर लैप्रोस्कोपिक आपरेशन पेट की ओर से किए जाते हैं। इसे ट्रांसपेरिटोनियल अप्रोच से आपरेशन करना कहते हैं। इस पद्धति से आपरेशन करने पर सर्जन को अधिक जगह मिलती है और इस तरह आपरेशन करना अपेक्षाकृत आसान होता है। वहीं किडनी का आपरेशन पीठ के रास्ते से भी किया जाता है, इसे रेट्रोपेरिटोनियल अप्रोच कहते हैं। लेकिन यह पद्धति जटिल होती है, क्योंकि पीठ से ऑपरेशन के लिए सर्जन के पास बहुत कम जगह होती है। हालांकि यह मरीज के लिए कई मामलों में काफी फायदेमंद होती है। लिहाजा उक्त मरीज का पीठ के रास्ते से किडनी का ऑपरेशन किया। मरीज अब स्वस्थ है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### शोधपत्र जर्नल में प्रकाशन के लिए भेजेंगे

डॉ. सारिका कटियार ने बताया कि भारत में रेटिपोलिनय अप्रोच बहुत ही कम अस्पतालों में की जाती है। इस ऑपरेशन की जटिलता को देखते हुए हम इस मामर्ल को शोधपत्र जर्नल में प्रकाशित करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए हम शोधपत्र तैयार कर रहे हैं, जिसे प्रकाशन के लिए इंडियन जर्नल ऑफ एनेस्थीशिया में भेजा जाएगा।



# बुजुर्ग ने चोरी करते देखा तो चोर ने राड से पीटा, हुई मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** ईटखेड़ी इलाके में एक बुजुर्ग की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग का कुसूर इतना था कि उसने ढाबे पर अपने साथ काम करने वाले युवक को चोरी करते देखा लिया था। इस पर जब बुजुर्ग ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह मारपीट करने लगा। हाथापाई के बीच उसने बुजुर्ग के सिर पर रॉड मार दी और फिर बेसुध होने तक पीटता रहा। बाद में आरोपी ढाबा मालिक की कार लेकर फरार हो गया। इधर, गंभीर हालत में बुजुर्ग को भर्ती कराया, जहां चार दिन चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

ईटखेड़ी इलाके में स्थित लीलावती हॉस्पिटल के सामने दादा जी ढाबे का संचालन होता है। यहां देवलखेड़ी निवासी कमल सिंह मीणा पुत्र दोलतराम मीणा उम्र 60 वर्ष लंबे समय से चौकीदारी करते थे। वे रोज की तरह 24 अक्टूबर दशहरे की रात ढाबे पर ड्यूटी कर रहे थे। उनके साथ सागर जिले के सिमरिया गांव का रहने वाला मनीष विश्वकर्मा भी था। दोनों कुछ देर बातचीत करते रहे, फिर सो गए। रात करीब डेढ़ बजे ढाबे के अंदर से कुछ आवाजें आई तो कमल सिंह की नींद खुल गई इस पर उन्होंने अंदर जाकर देखा तो वहां मनीष गल्ले से रुपए चुराने की कोशिश कर रहा था। कमल सिंह ने उसे रुपए नहीं चुराने का कहा। लेकिन वह नहीं माना। जब कमल ने पुलिस बुलाने का कहा तो वह गुस्से में आग बबूला हो गया और फिर दोनों के बीच हाथापाई भी होने लगी। इस बीच मनीष ने पास ही पड़ी एक रॉड उठाई, और कमल सिंह के सिर पर दे मारी। इसके बाद वह कमल को बेसुध होने तक पीटता रहा और फिर उसे मरा समझकर वह ढाबे मालिक की कार लेकर फरार हो गया। घटना के बाद से बुजुर्ग का उपचार चल रहा था। जहां शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई।

इधर पुलिस आरोपी की तलाश में सागर पहुंची है। वहां उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ढाबे के संचालक और वहां काम करने वाले कर्मचारियों से आरोपी मनीष के बारे में पूछताछ में जुटी है। हैरानी की बात यह है कि ढाबे के संचालक के पास मनीष का कोई पहचान पत्र नहीं है। ऐसे में कयास लगाए जो रहे कि उसने जो नाम पता बताया था। वह असली है भी या नहीं। वहीं घटना के बाद वह संचालक की जिस कार को ले भागा था। वह रायसेन रोड स्थित बियर फैक्ट्री के करीब टोल टैक्स के पास बरामद हुई है।

# युवक की हत्या, शराब दुकान के पीछे मिला शव

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के ईंटखेड़ी थाना इलाके में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक युवक की हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह ईंटखेड़ी स्थित शराब दुकान से पीछे उसका खून से लथपथ शव देखा गया तो घटना का पता चला। बताया गया है कि उक्त युवक एक टाइल्स की दुकान पर काम करता था और तीन माह पहले ही ईंटखेड़ी क्षेत्र में रहने आया था। फिलहाल पुलिस को इस मामले में कोई सुराग नहीं मिला है। एसडीओपी मंजू चौहान ने बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे लोगों ने शराब दुकान के पीछे शव पड़ा होने की सूचना दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।युवक की आंख और सिर के पिछले हिस्से में चोट के निशान थे। वहीं शव के पास ही शराब की बोतल और प्लास्टिक के गिलास पड़े हुए थे। उसके हाथ में एके लिखा हुआ था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर मृतक की पहचान ईंटखेड़ी में रहने वाले अमर कुमार यादव 35 वर्ष के रूप में हुई। उसकी पत्नी ने बताया कि शुक्रवार रात नौ बजे अमर घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि अमर पहले करोंद में रहता था। तीन माह पहले ही वह ईंटखेड़ी में रहने आया था। यहां पर वह एक टाइल्स की दुकान पर काम करता था। पुलिस ने घटनास्थल की एफएसएल टीम से भी जांच कराई है। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल को देखकर यही लगता है कि अमर ने वहां कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी थी। संभवत:उसी दौरान विवाद होने पर उसकी हत्या कर दी गई। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस शराब दुकान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी की तस्वीरों से सुराग तलाश रही है।

# तेज रफ्तार कार पलटी, एक युवक की मौत

## 2 की हालत गंभीर

**भोपाल, देशबन्धु।** नर्मदापुरम मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा युवक और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक 36 वर्षीय सुधीर पुत्र चंद्रमोहन बत्रा लालजत राय कालोनी में रहते थे। शुक्रवार रात वह अपने परिचित परेश चतुर्वेदी और हेमंत के साथ कार से ढाबे पर खाना खाने के लिए औबेदुल्लागंज गए थे। वहां से तीनों वापस भोपाल लौट रहे थे। इसी दौरान मिसरोद थाने से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए बंसल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद सुधीर की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथियों की हालत गंभीर बनी हुई है।उधर, पिपलानी इलाके में एक युवक की ट्राले की चपेट में आकर मौत हो गई। पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक शाजापुर निवासी 30 वर्षीय भूपेंद्र पुत्र मान सिंह कुशवाहा एक निजी कंपनी में लाइन मैन का काम करता था।रात को वह ट्राले से ट्रांसफार्मर लेकर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में ऊंचाई पर आने वाले तारों को हटाने का भी काम कर कर रहा था। सुबह लगभग पांच बजे वह ट्राले से नीचे उतरकर तार हटाने लगा, तभी चालक ने ट्राला आगे बढ़ा दिया। इसके चलले ट्राले की चपेट में आने से भूपेंद्र की मौत हो गई।

### *उत्तरी हवाओं से बढ़ी सिहरन*

# *भोपाल समेत दर्जनभर शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंचा*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को एक दर्जन शहरों पारा 15 डिग्री के नीचे रहा।*

*मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, रात के तापमान में धीरे-धीरे कमी आने का सिलसिला भी बना रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एचएस पांडे ने बताया कि वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। वातावरण में नमी काफी कम रहने के कारण मौसम पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है। वहीं दिन के समय तो हवा का रुख कभी पश्चिमी तो कभी दक्षिणी हो जाता है, लेकिन रात के समय उत्तरी हवाएं चलने लगती हैं। उत्तर भारत की तरफ से आने वाली सर्द हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को एक दर्जन शहरों मंडला, दतिया, गुना, ग्वालियर, रायसेन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, बैतूल, नौगांव, रीवा, मलाजखंड एवं उमरिया में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। प्रदेश में सबसे कम 13.2 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी में न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। यह इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा।*

# पुरुष वर्ग में एलएनसीटी, महिला वर्ग में एसआईआरटी बना विजेता

**भोपाल, देशबन्धु।** राजीव गांधी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी कॉलेज द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने एसआईआरटी को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

इससे पूर्व पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एसआईआरटी ने टीआईटीई को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने टीआईटी को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के बैडमिंटन फाइनल मुकाबले में एसआईआरटी ने एसएटीआई विदिशा को 2-0 से हराकर विजेता रहीं। इससे पूर्व महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एसआईआरटी ने टीआईटी को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एसएटीआई विदिशा ने यूआईटी को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से आरजीपीवी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे सचिव एलएनसीटी ग्रुप, पंकज जैन स्पोर्टस डायरेक्टर एलएनसीटी, आर के शर्मा खेल अधिकारी टीआईटी द्वारा सभी विजेता एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्राफी, एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले चीप रेफरी आशीष अर्गल एवं अन्य रेफरी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## गुलाबों के रखरखाव पर कार्यशाला आज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश रोज सोसायटी तथा उद्यानिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली सेवंती (गुलदाऊदी) की प्रदर्शनी इस वर्ष 2 और 3 दिसंबर एवं गुलाब की प्रदर्शनी 13 तथा 14 जनवरी को करना प्रस्तावित है। मप्र रोज सोसायटी के अध्यक्ष लक्ष्मेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि प्रदर्शनी की तैयारी के रूप में 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से नेहरू गुलाब उद्यान बरखेड़ा तथा सुबह 11 बजे सेज शासकीय गुलाब उद्यान तुलसी नगर, लिंक रोड न.1 में गुलाबों की कांट छांट एवं रखरखाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में गुलाबों की कांट - छांट क्यों की जाती है, कैसे की जाती है तथा उसके बाद उस पर कौनसी दवाइयों का छिड़काव किया जाना चाहिये। इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया जायेगा। इसके साथ ही गुलाब प्रेमियों की शंकाओं का समाधान भी किया जायेगा। सभी सवालों के जवाब वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दिए जायेंगे।

# यात्री का सामान हुआ चोरी, अब रेलवे को देना होगा 50 हजार रुपए हर्जाना

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने यात्री का सामान चोरी होने के एक मामले में रेलवे के खिलाफ फैसला सुनाया। आयोग ने रेलवे को 35 हजार रुपये की राशि के साथ-डेढ़ हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया।

दरअसल इंदौर के वरिष्ठ नागरिक पुरुषोत्तम मोहता अपनी पत्नी के साथ सात जून 2013 को पुणे-इंदौर एक्सप्रेस की बोगी क्रमांक एस-3 कोच संख्या 61 और 64 में यात्रा कर रहे थे। उनके पास दो सूटकेस थे। उन्होंने दोनों सूटकेस को सीट के नीचे जंजीर से बांधकर रख दिया था। उनके सोने के बाद जब ट्रेन नागदा स्टेशन पहुंची तो उनके दोनों सूटकेस गायब थे। चेन तोड़ कर उनके दोनों सूटकेस सामान सहित चोरी कर लिए गए थे। पुरुषोत्तम मोहता को बोगी में टीटीई और आरपीएफ जवान नहीं मिले। उन्हें बताया गया कि आरपीएफ कर्मी उज्जैन में किसी वीवीआईपी के आने के कारण ड्यूटी पर थे, इसलिए वे उक्त ट्रेन में ड्यूटी पर नहीं थे। उपभोक्ता ने घटना की जानकारी टीटीई प्रभारी को दी और जीआरपी पुलिस स्टेशन इंदौर में प्रकरण दर्ज कराया। इसके साथ ही उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में रेलवे के खिलाफ शिकायत की थी कि लापरवाही के कारण उनका सूटकेस चोरी हो गया। इस मामले में जिला आयोग ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इस पर रेलवे ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील लगा दी और अपना पक्ष रखा कि नुकसान के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं है। यदि सामान बुक नहीं किया गया है तो यात्रियों को अपने सामान का ध्यान रखना चाहिए। लेकिनआयोग ने रेलवे के इस तर्क को खारिज कर दिया और रेलवे को सेवा में कमी बताते हुए जिला आयोग के निर्णय को सही ठहराते हुए दो महीने के अंदर 35 हजार रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत वर्ष की दर से ब्याज सहित और मानसिक क्षतिपूर्ति राशि डेढ़ हजार रुपये देने का आदेश दिया।



*शरद पूर्णिमा पर ग्रहण के चलते महिलाओं ने तुलसी और श्रीहरि का पूजन दोपहर में किया और मावे के लड्डू का भोग लगाया।*

## डॉ. राकेश की पुस्तक का विमोचन आज

**भोपाल, देशबन्धु।** सेठ प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित डॉ. राकेश पाठक की पुस्तक सिंधिया और 1957 का विमोचन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। होटल पलाश रेसीडेंसी के विमर्श सभागार में शाम साढ़े 4 बजे होने वाले विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित इतिहासकार डॉ. राम पुनियानी होंगे, जबकि अध्यक्षता पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर करेंगे। इस अवसर पर द पब्लिक इंडिया के प्रधान संपादक आनंद वर्धन सिंह, प्रसिद्ध इतिहासविद अशोक कुमार पांडेय, पत्रकार सुश्री शीबा असलम फहमी और आल इंडिया पीस मिशन के अध्यक्ष सरदार दया सिंह विशिष्टि अतिथि होंगे।


In the Court Of II Civil Judge Class-I, District Court , Betul
Presiding officer: श्री कमल सिंह मेडा

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम)
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000029/2023)

राहुल .................. आवेदक
Vs
बिहारी................ अनावेदक

Process Id/ 9373/23
पेशी दिनांक:-23/11/2023

प्रेषिती-सर्वसाधारण बैतूल तहसील व जिला बैतूल
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल पता ने मृतक नन्ही बाई पति ब्रजलाल पिता परस्या निवासी जोडक्या बैतूल बाजार तहसील व जिला बैतूल की 1019277/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 November 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 November 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 25 October 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
**( श्री के.एस मेडा )**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, बैतूल**

**कृपया ध्यान दे:**-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


# स्टेट बैंक नाट्य समारोह : दूसरे दिन मंचित हुए 3 नाटक

**भोपाल, देशबन्धु।** स्टेट बैंक के प्रतिष्ठित नाट्य समारोह के दूसरे दिन स्टेट बैंक के सभागार में तीन नाटकों का मंचन हुआ

नाट्य समारोह में पहला नाटक शैलेश कुमार के निर्देशन में अगले जनम मोहे शिक्षा भी दीजो हुआ। इस हास्य नाटक में दो युवक एक नये शहर में अपने रहने के लिए एक घर की तलाश में हैं। किराये के मकान की तलाश में वे विभिन्न हास्यास्पद परिस्थितियों से गुजरते हैं। मकान ढूँढ़ते हुए वे एक ऐसे मकान में पहुँ जाते हैं जहाँ एक अशिक्षित लड़की को देखने लड़का आने वाला था। लड़की के घरवाले इन्हें ही लड़केवाले समझ कर खातिरदारी करते हैं पर अंत में युवक भाग जाते हैं।

वहीं रायपुर अँचल द्वारा नरेश साहू के निर्देशन में मंचित नाटक छाया चाणक्य और चन्द्रगुप्त के समय में महिला वीरांगना छाया की कहानी पर आधारित था। लेखक सुदर्शन की कहानी पर आधारित यह नाटक वीरांगना छाया की वीरता , साहस और बलिदान को दर्शाता है। समारोह का तीसरा नाटक नाक बिलासपुर अँचल की टीम ने प्रस्तुत किया। निकोलोई गोगोल की कहानी पर आधारित और अख्तर अली द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सुमित कुमार सिंह ने किया। नाटक में एक व्यक्ति की नाक कट जाती है जो दरअसल एक भ्रष्ट और



बेईमान व्यक्ति है। नाटक की कहानी उसकी कटी नाक को ढूँढ़ने से शुरू होती है और विभिन्न दिलचस्प परिस्थितियों के साथ आगे बढ़ती है। यह कटी नाक एक ग़रीब आदमी को मिलती है पर वो भ्रष्ट और बेईमान व्यक्ति को नाक वापस नही करता। नाटक भ्रष्टाचार और बेईमानी पर तीखा कटाक्ष करता है।

इस अवसर पर स्टेट बैंक महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती आशा मिश्रा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं। साथ है बैंक के महाप्रबंधक नीरज प्रसाद और अजिताभ पराशर भी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

## सुहिणा सिंधी समारोह आज

**भोपाल, देशबन्धु।** सिंधी बोली साहित्य सभा 29 अक्टूबर को सिंधु भवन शिवाजी नगर में शाम छह बजे से सुहिणा सिंधी समारोह हो रहा है। इस समारोह के लिए नई दिल्ली से पधारे सभा के 95 वर्षीय अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी शंभू जयसिंघानी और महासचिव अंजलि तुलसियानी ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में सिंधी साहित्य, संगीत, रंगमंच और पत्रकारिता के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें 8 चयनित कला धर्मियों और रचना धर्मियों को कुल 4 लाख रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में नाटक पोस्टकार्ड का मंचन भी सिंधु दर्पण नाट्य संस्था के कलाकारों द्वारा किया जाएगा उन्होंने सिंधी बोली साहित्य सभा की गतिविधियों का भी विवरण दिया। उन्होंने बताया कि संस्था सात दशक से सिंधी भाषा,साहित्य और कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।


**समक्ष न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बैतूल म.प्र.**
**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिये समंस**

(आदेश 5 नियम 1 आर 5
आरसीएसएचएम प्रकरण क्रं. RCSHM 01/2022 पेशी दिनांक 29.11.2023
श्रवण...........................................................आवेदक
विरुद्ध
संगीता...........................................................अनावेदिका

प्रेषिती- संगीता पाटिल पति श्रवण पाटिल, उम्र 38 वर्ष, पेशा- नौकरी (शिक्षक चिचोली) निवासी शास्त्री वार्ड, गणेश मंदिर के पीछे सदर बैतूल तह. जिला बैतूल

आवेदक श्रवण पाटिल पिता चिंधु पाटील आयु लगभग 45 वर्ष निवासी पांढुर्णा जिला छिंदवाडा हाल निवासी सोनोरी बुडाला तह. मुलताई जिला बैतूल ने आपके विरूद्ध धारा 13क हिन्दू विवाह अधिनियम का प्रकरण संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.11.2023 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर ) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिस सम्यक अनुदेश दिए हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। (आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपको कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसा दस्तावेज की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें)।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जाएगा।

यह आज दिनांक 28/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सील
**( पूरनचंद्र गुप्ता )**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय बैतूल**

# साहित्य



कहानी

# जार्ज पंचम की नाक

■ कमलेश्वर

थे ।

यह बात उस समय की है जब इंग्लैंण्ड की रानी ऐलिज़ाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान पधारने वाली थीं। अखबारों में उनके चर्चे हो रहे थे। रोज़ लन्दन के अखबारों में ख़बरें आ रही थीं कि शाही दौरे के लिए कैसी-कैसी तैयारियाँ हो रही हैं.... रानी ऐलिजाबेथ का दर्ज़ी परेशान था कि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी क्या पहनेगी ? उनका सेक्रेटरी और जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तूफान दौरा करने वाला था.. आखिर कोई मजाक तो था नहीं, ज़माना चूंकि नया था, फौज-फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे इसलिए फोटोग्राफरों की फौज तैयार हो रही थी....

इंग्लैंड के अखबारों की कतरनें हिन्दुस्तानी अखबारों में दूसरे दिन चिपकी नज़र आती थी.... कि रानी ने एक ऐसा हल्के नीले रंग का सूट बनवाया है, जिसका रेशमी कपड़ा हिन्दुस्तान से मंगवाया गया है... कि करीब 400 पौंड खर्चा उस सूट पर आया है।

रानी ऐलिज़ाबेथ की जन्मपत्री भी छपी। प्रिन्स फिलिप के कारनामे छपे, और तो और उनके नौकरों, बावर्चियों, खानसामों, अंगरक्षकों की पूरी-की-पूरी जीवनियां देखने में आई ! शाही महल में रहने और पलनेवाले कुत्तों तक की जीवनियाँ देखने में आईं !

बड़ी धूम थी। बड़ा शोर-शराबा था। शंख इंग्लैंड में बज रहा था, गूँज हिन्दुस्तान में आ रही थी।

इन अख़बारों से हिन्दुस्तान में सनसनी फैल रही थी। नई दिल्ली ने अपनी तरफ देखा और बेसाख़्ता मुंह से निकल गया ङ्कवह आएं हमारे घर, खुदा की रहमत... कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं। और देखते-देखते नई दिल्ली का कायापलट होने लगा।

और करिश्मा तो यह था कि किसी ने किसी से नहीं कहा, किसी ने किसी को नहीं देखा- पर सड़कें जवान हो गई, बुढ़ापे की धूल साफ हो गई। इमारतों ने नाज़नीनों की तरह श्रृंगार किया....

लेकिन एक बड़ी मुश्किल पेश थी.... वह थी जार्ज पंचम की नाक ! नई दिल्ली में सब कुछ था, सब कुछ होता जा रहा था, सब कुछ हो जाने की उम्मीद थी, पर पंचम की नाक की बड़ी मुसीबत थी ! दिल्ली में सब कुछ था...सिर्फ नाक नहीं थी।

इस नाक की भी एक लम्बी दास्तान है। इस नाक के लिए बड़े तहलके मचे थे किसी वक्त ! आन्दोलन हुए थे। राजनीतिक पार्टियों ने प्रस्ताव भी दिये थे। गर्मागर्म बहसें भी हुई थीं। अखबारों के पन्ने रंग गए थे। बहस इस बात पर थी कि जार्ज पंचम की नाक रहने दी जाए या हटा दी जाए ! और जैसा कि हर राजनीतिक आन्दोलन में होता है, कुछ पक्ष में थे कुछ विपक्ष में और ज्यादातर लोग खामोश ख़ामोश रहनेवालों की ताकत दोनों तरफ थी...

यह आन्दोलन चल रहा था। जार्ज पंचम की नाक के लिए हथियारबंद पहरेदार तैनात कर दिए गए थे.... क्या मजाल कि कोई उनकी नाक तक पहुँच जाए। हिन्दुस्तान में जगह-जगह ऐसी नाकें खड़ी थीं और जिन तक लोगों के हाथ पहुँच गये उन्हें शानों ङ्कशौकत के साथ उतारकर अजायबघरों में पहुँचा दिया गया। शाही लाटों की नाकों के लिए गुरिल्ला युद्ध होता रहा।.....

उसी ज़माने में यह हादसा हुआ-इंडिया गेट के सामने वाली जार्ज पंचम की लाट की नाक एकाएक गायब हो गई ! हथियारबंद पहरेदार अपनी जगह तैनात रहे। गश्त लगाते रहे...और लाट चली गई।

रानी आए और नाक न हो ! ...एकाएक यह परेशानी बढ़ी। बढ़ी सरगर्मी शुरू हुई। देश के ख़ैरख़्वाहों की एक मीटिंग बुलाई गई और मसला पेश किया गया कि क्या किया जाए ?'' वहां सभी एकमत से इस बात पर सहमत थे कि अगर यह नाक नहीं है, तो हमारी भी नाक नहीं रह जाएगी....

उच्च स्तर पर मशवरे हुए। दिमाग खरोंचे गए और यह तय किया गया कि हर हालत में इस नाक का होना बहुत जरूरी है। यह तय होते ही एक मूर्तिकार को हुक्म दिया गया कि फौरन दिल्ली में हाजिर हो। मूर्तिकार यों तो कलाकार था, पर ज़रा पैसे से लाचार था। आते ही उसने हुक्कामों के चेहरे देखे ... अजीब परेशानी थी उन चेहरों पर; कुछ लटके हुए थे, कुछ उदास थे और कुछ बदहवास थे। उनकी हालत देखकर लाचार कलाकार की आँखों में आँसू आ गए ....तभी एक आवाज सुनाई दी ''मूर्तिकार ! जार्ज पंचम की नाक लगनी है।''

मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया नाक लग जाएगी पर मुझे पता होना चाहिए कि यह लाट कब और कहां बनी थी ? इस लाट के लिए पत्थर कहाँ से लाया गया था ?''

सब हुक्कामों ने एक -दूसरे की तरफ ताका...एक की नज़र ने दूसरे से कहा कि यह बताना ज़िम्मेदारी तुम्हारी है ! खैर मामला हल हुआ। एक क्लर्क को फोन किया गया और इस बात की पूरी छानबीन करने का काम सुपुर्द कर दिया गया !.... पुरातत्व विभाग की फाइलों के पेट चीरे गये, पर कुछ भी पता नहीं चला। क्लर्क ने लौटकर कमेटी के सामने कांपते हुए बयान किया- ''सर ! मेरी खता माफ हो फाइलें सब कुछ हज़्म कर चुकी हैं !''

हुक्मरानों के चेहरों पर उदासी के बादल छा गए । एक खास कमेटी बनाई गई और उसके जिम्मे यह काम दे दिया गया कि जैसे भी हो यह काम होना है और इस नाक का दारोमदार आप पर है । आखिर मूर्तिकार को फिर बुलाया गया...उसने मसला हल कर दिया । वह बोला-'पत्थर की किस्म का ठीक पता नहीं चलता, तो परेशान मत होइए...मैं हिन्दुस्तान के हर पहाड़ पर जाऊँगा और ऐसा ही पत्थर खोजकर लाऊँगा !' कमेटी के सदस्यों की जान-में-जान आई । सभापति ने चलते-चलते गर्व से कहा-'ऐसी क्या चीज है जो अपने हिन्दुस्तान में मिलती नहीं । हर चीज़ इस देश के गर्भ में छिपी है...जरूरत खोज लाने की है...खोज करने के लिए मेहनत करनी होगी, इस मेहनत का फल हमें मिलेगा...आने वाला जमाना खुशहाल होगा।'

वह छोटा-सा भाषण फौरन अखबारों में छप गया ।

मूर्तिकार हिन्दुस्तान के पहाड़ी प्रदेशों और पत्थरों की खानों के दौरे पर निकल पड़े। कुछ दिन बाद वह हताश लौटे, उनके चेहरे पर लानत बरस रही थी, उन्होंने सिर लटकाकर खबर दी- 'हिन्दुस्तान का चप्पा-चप्पा खोज डाला, पर इस किस्म का पत्थर कहीं नहीं मिला। यह पत्थर विदेशी है!'

सभापति ने तैश में आकर कहा-'लानत है आपकी अक्ल पर ! विदेशों की सारी चीज हम अपना चुके हैं...दिल-दिमाग, तौर-तरीके और रहन-सहन...जब हिन्दुस्तान में बॉल डांस तक मिल जाता है तो पत्थर क्यों नहीं मिल सकता !'

मूर्तिकार चुप खड़ा था । सहसा उसकी आँखों में चमक आ गई । उसने कहा- 'एक बात मैं कहना चाहूंगा, लेकिन इस शर्त पर कि यह बात अखबारवालों तक न पहुंचे...'

सभापति की आँखों में भी चमक आई । चपरासी को हुक्म हुआ और कमरे के सब दरवाजे बन्द कर दिए गए । तब मूर्तिकार ने कहा- 'देश में अपने नेताओं की मूर्तियाँ भी हैं...अगर इजाजत हो...अगर आप लोग ठीक समझें, तो मेरा मतलब है, तो...जिसकी नाक इस लाट पर ठीक बैठे. उसे उतार लाया जाए...'

सबने सबकी तरफ़ देखा । सबकी आँखों में एक क्षण की बदहवासी के बाद खुशी तैरने लगी । सभापति ने धीमे से कहा- 'लेकिन बड़ी होशियारी से !'

और मूर्तिकार फिर देश-दौरे पर निकल पड़ा । जार्ज पंचम की खोई हुई नाक का नाप उसके पास था । दिल्ली से वह बम्बई पहुंचा...दादाभाई नौरोजी, गोखले, तिलक, शिवाजी, कावस जी जहाँगीर-सबकी नाकें उसने टटोलीं, नापीं और गुजरात की ओर भागा-गांधीजी, सरदार पटेल, विट्ठलभाई पटेल, महादेव देसाई की मूर्तियों को परखा और बंगाल की ओर चला-गुरूदेव रवीन्द्रनाथ, सुभाषचन्द्र बोस, राजा राममोहन राय आदि को भी देखा, नाप-जोख की और बिहार की तरफ चला । बिहार होता हुआ उत्तर प्रदेश की ओर आया...चन्द्रशेखर आजाद, बिस्मिल, मोतीलाल नेहरु, मदमोहन मालवीय की लाटों के पास गया...घबराहट में मद्रास भी पहुंचा, सत्यमूर्ति को भी देखा, और मैसूर, केरल आदि सभी प्रदेशों का दौरा करता हुआ पंजाब पहुंचाज्लाला लाजपतराय और भगतसिंह की लाटों से मी सामना हुआ । आखिर दिल्ली पहुंचा और अपनी मुश्किल बयान की- 'पूरे हिन्दुस्तान की मूर्तियों की परिक्रमा कर आया । सबकी नाकों का नाप लियाज्पर जार्ज पंचमज्की नाक से सब बड़ीज्निकलीं!..'

सुनकर सब हताश हो गए और झुंझलाने लगे । मूर्तिकार ने ढाढ़स बंधाते हुए आगे कहा, 'सुना था कि बिहार सेक्रेटेरियट के सामने सन् ब्यालीस में शहीद होनेवाले तीन बच्चों की मूर्तियाँ स्थापित हैं...शायद बच्चों की नाक ही फिट बैठ जाए, यह सोचकर वहाँ भी पहुंचा पर...इन तीनों की नाकें भी इससे कहीं बड़ी बैठती हैं । अब बताइए, मैं क्या करूँ ?'

...राजधानी में सब तैयारियां थीं । जार्ज पंचम की लाट को मल-मलकर नहलाया गया था । रोगन लगाया गया था। सब कुछ था, सिर्फ नाक नहीं थी !

बात फिर बड़े हुक्मरानों तक पहुंची । बड़ी खलबली मचीज्अगर जार्ज पंचम के नाक न लग पाई, तो फिर रानी का स्वागत करने का मतलब ? यह तो अपनी नाक कटानेवाली बात हुई ।

लेकिन मूर्तिकार पैसे से लाचार था...यानी हार माननेवाला कलाकार नहीं था । एक हैरतअंगेज ख्याल उसके दिमाग में कौंधा और उसने पहली शर्त दुहराई । जिस कमरे में कमेटी बैठी हुई थी, उसके दरवाजे फिर बन्द हुए और मूर्तिकार ने अपनी नई योजना पेश की- 'चूँकि नाक लगना एकदम जरुरी है, इसलिए मेरी राय है कि चालीस करोड़ में से कोई एक जिंदा नाक काटकर लगा दी जाए...'

बात के साथ ही सन्नाटा छा गया । कुछ मिनटों की खामोशी के बाद सभापति ने सबकी ओर देखा । सबको परेशान देखकर मूर्तिकार कुछ अचकचाया और धीरे-से बोला- 'आप लोग क्यों घबराते हैं । यह काम मेरे ऊपर छोड़ दीजिए...नाक चुनना मेरा काम है...आपकी सिर्फ इजाजत चाहिए !'

कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाजत दे दी गई ।

अखबारों में सिर्फ इतना छपा कि नाक का मसला हल हो गया है और राजपथ पर इण्डिया गेट के पास वाली जार्ज पंचम की लाट के नाक लग रही है।

नाक लगने से पहले फिर हथियारबंद पहरेदारों की तैनाती हुई । मूर्ति के आस-पास का तालाब सुखाकर साफ किया गया । उसकी खाद निकाली गई । और ताजा पानी डाला गया, ताकि जो जिन्दा नाक लगाई जाने वाली थी वह सूखने न पाए । इस बात की खबर औरों को नहीं थी । यह सब तैयारियां भीतर-भीतर चल रही थीं । रानी के आने का दिन नजदीक आता जा रहा था । मूर्तिकार खुद अपने बताए हल से परेशान था । जिन्दा नाक लाने के लिए उसने कमेटीवालों से कुछ और मदद मांगी । वह उसे दी गई । लेकिन इस हिदायत के साथ कि एक खास दिन हर हालत में नाक लग जाएगी।

और वह दिन आया ।

जार्ज पंचम के नाक लग गई ।

सब अखबारों ने खबरें छापीं कि जार्ज पंचम के जिंदा नाक लगाई गई है...यानी ऐसी नाक जो कतई पत्थर की नहीं लगती ।

लेकिन उस दिन के अखबारों में एक बात गौर करने की थी । उस दिन देश में कहीं भी किसी उद्घाटन की खबर नहीं थी । किसी ने कोई फीता नहीं काटा था । कोई सार्वजनिक सभा नहीं हुई थी । कहीं भी किसी का अभिनंदन नहीं हुआ था, कोई मानपत्र भेंट करने की नौबत नहीं आई थी । किसी हवाई अड्डे या स्टेशन पर स्वागत-समारोह नहीं हुआ था । किसी का ताजा चित्र नहीं छपा था।

सब अखबार खाली थे ।

पता नहीं ऐसा क्यों हुआ था ?

नाक तो सिर्फ एक चाहिए थी और वह भी बुत के लिए।

---

संदर्भ : 30 अक्टूबर, मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख़्तर का स्मृति दिवस

# ऐ मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया...

■ ज़ाहिद ख़ान

वे सरापा ग़ज़ल थीं। उन जैसे ग़ज़लसरा न पहले कोई था और न आगे होगा। ग़ज़ल के बिना बेगम अख़्तर अधूरी हैं और बेगम अख़्तर बग़ैर ग़ज़ल। बेगम अख़्तर ने बतलाया कि ग़ज़ल सिर्फ़ पढ़ी ही नहीं जाती, बल्कि इसे संगीत में ढालकर गाया भी जा सकता है। वे बेगम अख़्तर ही थीं, जिन्होंने सबसे पहले कहा, ग़ज़ल भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा का हिस्सा है। एक अहम बात और जो उन्हें अज़ीम बनाती है, उस दौर में जब महिलाएं साहित्य, संगीत और कला हर क्षेत्र में कम दिखलाई देती थीं, तब बेगम अख़्तर देश की उन चुनिंदा गायिकाओं सिद्धेश्वरी देवी, गौहरजान कर्नाटकी, गंगूबाई हंगल, अंजनीबाई मालपकर, मोगूबाई कुर्डीकर, रसूलन बाई में से एक थीं, जिन्होंने सार्वजनिक कॉन्सर्ट दिए। और भारतीय समाज को बतलाया कि महिलाएं भी भारतीय शास्त्रीय संगीत, उप-शास्त्रीय संगीत के गायन में किसी से कम नहीं। 1960 के दशक के मध्य में जब एलपीज चलन में आए, तो जो शुरुआती रिकॉर्डिंग आईं, उसमें भी बेगम अख़्तर के ग़ज़लों की रिकॉर्डिंग थीं। वे बड़े बेलौस अंदाज़ में, बिना किसी तनाव के महफ़िलों में खुलकर गाती थीं। हारमोनियम पर उनके हाथ पानी की तरह चलते थे। अख़्तरीबाई फ़ैज़ाबादी बैठकी और खड़ी दोनों ही तरह की महफ़िलों में गायन के लिए पारंगत थीं।

एक दौर था, जब बेगम अख़्तर के अलावा ग़ज़ल गायन के मैदान में दूर-दूर तक कोई नहीं था। उन्होंने ही उप-शास्त्रीय संगीत में ग़ज़ल को सम्मानजनक मुक़ाम तक पहुंचाया। बेगम अख़्तर ज़्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं। बावजूद इसके उर्दू और फ़ारसी अल्फ़ाज़ों से लबरेज ग़ज़लों के तलफ़्फ़ुज़ को वे बड़े ही सरलता से पकड़ लेती थीं और इस अदायगी से गाती थीं कि सुनने वालों के मुंह से वाह-वाह ही निकलता था।

उर्दू अदब से उन्हें मुहब्बत थी, ख़ास तौर पर बेहतरीन शायरी उनकी कमजोरी थी। जो कलाम उन्हें पसंद आ गया, अपनी बेहतरीन गायकी से उन ग़ज़लों में उन्होंने रूह डाल दी। बेगम अख़्तर ने जिस शायर का कलाम गा दिया, वह ज़िंदा जावेद हो गया। ग़ज़ल के अलावा बेगम अख़्तर ने भारतीय उप शास्त्रीय गायन की सभी विधाओं मसलन ठुमरी, दादरा, कहरवा, ख्याल, चैती, कजरी, बारामासा, सादरा वगैरह में भी उसी महारथ के साथ गाया। वे ठेठ देशी ढंग से ठुमरी गाती थीं। उनकी ठुमरी में कभी-कभी बनारस के लोक गीतों की शैली का असर भी दिखलाई देता था।

बेगम अख़्तर ने ठुमरी, दादरा और ग़ज़ल को शास्त्रीय संगीत के बराबर लाकर खड़ा किया और बड़े-बड़े दिग्गज उस्तादों से अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

'उल्टी हो गईं सब तदबीरें', 'दिल की बात कही नहीं जाती (मीर तक़ी मीर), 'वो जो हम में तुम में क़रार था, तुम्हें याद...' (मोमिन ख़ान 'मोमिन'), 'ज़िक्र उस परीवश का और फ़िर....', 'वो न थी हमारी किस्मत..' (मिर्ज़ा ग़ालिब), 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', 'मेरे हमनफ़स, मेरे हमनवा..' (शकील बदायुनी), 'दीवाना बन जाना..' (ख़ुमार बाराबंकवी), 'आये कुछ अब्र कुछ शराब आए...' (फ़ैज़ अहमद फ़ैज़), 'कोई ये कह दे गुलशन-गुलशन, लाख बलाएं...(जिगर मुरादाबादी), 'इतना तो ज़िंदगी में किसी की ख़लल पड़े..' (कैफ़ी आज़मी), 'कुछ तो दुनिया की इनायत ने दिल तोड़ दिया' (सुदर्शन फ़ाकिर), 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' (बहज़ाद लखनवी), 'सख़्त है इश्क़ की रहगुज़र..' (शमीम जयपुरी), 'अब छलकते हुए सागर नहीं देखे जाते' (अली अहमद जलीली) बेगम अख़्तर द्वारा गायी, वे ग़ज़लें हैं, जो उन्हीं के नाम और गायन से जानी जाती हैं। जिसमें भी उनकी ये ग़ज़ल 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', उस ज़माने में नेशनल ऐन्थम की तरह मशहूर हुई। वे जहां जातीं, सामयीन उनसे इस ग़ज़ल की फ़रमाइश ज़रूर करते।

बेगम अख़्तर की आवाज़ में पुरबिया, अवधी और भोजपुरी बोलियों की मिठास थी। उन्होंने ग़ज़ल के अलावा लोक संगीत को भी अपनी आवाज़ दी। मिसाल के तौर पर उनकी कुछ उप शास्त्रीय बंदिशें जो उस समय ख़ूब मशहूर हुईं, वे इस तरह से हैं- 'हमरी अटरिया पे आओ संवरिया..', 'कोयलिया मत कर पुकार करेजवा लागे..', 'छा रही काली घटा जिया मेरा लहराये', 'पपीहा धीरे-धीरे बोल', %हमार कही मानो हो राजा जी', 'कौन तरह से तुम खेलत होरी', 'जब से श्याम सिधारे..'। बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। बेगम अख़्तर की शख़्सियत और गायन में ग़ज़ब का जादू था। लाखों लोग उन पर फ़िदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं।



---

-समीक्षा -

# तीन युवा कवियों की पदचाप : त्रिपथ

■ राज बोहरे

बोधि प्रकाशन जयपुर से %त्रिपथ% के नाम से तीन कवियों का कविता संकलन पिछले दिनों प्रकाशित हुआ है, जिसका संपादन और कविता चयन ब्रज श्रीवास्तव ने किया है, संपादक का कौशल सँग्रह में झांकता है। इस त्रिपथ (तीन पथ) के नाम से ख्यात संग्रह में तीन युवा कवि आनंद सौरभ उपाध्याय की 30, पद्मनाभ की 31 और मिथिलेश राय की 30 कविताएं सम्मिलित हैं । संग्रह में तीन खंड हैं, प्रत्येक खंड में कवि का आत्मकथ्य व प्रत्येक कवि पर संपादक की टिप्पणी भी लिखी गई है।

पहला खंड आनंद सौरभ उपाध्याय पर केंद्रित है। कवि खुद के बारे में लिखते हैं %आसपास की समस्याएं जिंदगी के रंग समाज में व्याप्त अंधविश्वास, भौतिकवादी दौड़, राजनीतिक उथल-पुथल मेरी कविताओं के लिए प्रेरक स्थिति पैदा करती हैं।% ब्रज श्रीवास्तव ने आनंद सौरभ के बारे में लिखा है, %वह वस्तु तथा राजनीतिक और सामाजिक चिताओं के संभावनाशील कवि हैं ।%कविता के बारे में आनंद की दो कविताएं हैं -कवि के हाथ की चाय और समीक्षक ।

विचार और दर्शन प्रधान कविताओं के शीर्षक हैं, दुख ही जन्मा, तेरी मिट्टी, धारणा, मौन, बुराई, फ़िक्र, सच का संघर्ष, धुंधली याद, इंतजार, और मर्यादाहीन । मन में धीमे से प्रवेश पाती बुराई के बारे में कविता %बुराई% का अंश दृष्टव्य है-आखिर/आकर बैठ गई/अंतर्मन में/कोई लगाव नहीं/कोई चाह नहीं/फिर भी/बचते बचाते/आ ही जाती/बुराई/और मैं/बुरा हो जाता...

%घटिया निर्माण% कविता देखिए-हिस्सों में सबका ख्याल/उछलकर शराफत की पगड़ी/वो रचते हैं झूठ का संसार/और बनाते हैं हर बार/बूंद-बूंद टपकती छतें/छत के गिरने तक !

आनंद सौरभ को कभी-कभी धार्मिक पाखंड और धार्मिक विद्वेष से क्षोभ होता है । कवि अपना ईश्वर %दुख से उपजा ईश्वर % बताते हैं। धर्म से जुड़े हुए उनके विचार रचनागत रूप में पाठकों के सामने कविता के रूप में अमूमन आते हैं और उनकी इस तरह की कविताएं धर्मांधता, मेरे ईश्वर का जन्म, हमको देखने को मिलती है,एक अंश देखिए-ईश्वर का जन्म तो/मेरे दुखों के बाद हुआ/विषम परिस्थिति में पुस्तकों के प्रति कवि को बहुत प्रेम है, वे कहते हैं कि किताबें अपना काम करना बंद नही करतीं,जबकि मनुष्य उनकी बेकदरी करता है। उन्होंने किताबें 1 व 2 शीर्षक से कविताएं लिखी हैं! एक अंश देखिए-एक तुम हो कि/घर की साफ सफाई में/निकालते रहे उन किताबों को ही/जिन्हें पढ़कर सभ्य/हुए तुम/इतने सभ्य?/कि थोड़े लालच में रद्दी के भाव/बेच दिया/उन्हें।

संकलन के संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने पद्मनाभ के बारे में लिखा है %प्रेम, स्त्री और सत्ता इस कविता के केंद्रीय पद कहे जा सकते हैं।%

पद्मनाभ के भी कुछ अपने प्रिय विषय हैं, उनके अपने कुछ अनूठे विचार हैं । व्यवस्था के विरोध में वे चुप नहीं रहते , अपनी कविता के मार्फ़त, अपने रोष और असंतुष्टि को प्रकट करते हैं । %यह दौर तुम्हारे साथ हूं% का अंश देखिए-अगर तुम गाय हो/तो मुद्दा बना देंगे/अगर तुम बैल हो/तो तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता/अगर तुम शेर हो/तो पिंजरा तैयार है/अगर तुम गूँगे हो/तो ये अच्छी बात है/यह दौर तुम्हारे साथ है।

अपने दार्शनिक विचारों को अनूठे ढंग से प्रकट करने वाले पद्मनाभ की कविताओं में एक तंज, एक रोष और क्षोभ दिखाई देता है। मृत्यु% कविता का अंश देखिए-जहां है कोई मुझसे चाहता है/मेरा शरीर एवं मुझसे जुड़े लाभ/पर वह स्वीकार करती/मुझे निश्शरीर/समेटती मुझे राख से/चाहती केवल मेरी आत्मा/उसकी यही आत्मीयता मुझे प्रिय है!

> शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं

राजनीति भी पद्मनाभ के निशाने से हटी नहीं है, जब उन्हें राजनैतिक विचार और सत्ताधीश की कार्यवाहियों से क्षोभ होता है, तो वह आग उगलती कविता लिखते हैं। सत्तानामा का अंश देखिए-आगे उसने भी भरोसा नहीं किया/किसी पर, सिवाय खुद के/न ही खुद/भरोसेमंद बना किसी के लिए/इसी अ भरोसे के भरोसे /वह एक/ताक़तवर राजा बना रहा!

**पुस्तक त्रिपथ ( कविता संकलन) प्रकाशक- बोधि प्रकाशन कवि-आनंद सौरभ उपाध्याय, पद्मनाभ पाराशर, मिथिलेश राय मूल्य 150 पृष्ठ 128**

अपनी प्राचीन परंपरा से मोह रखते हुए कवि ने बड़ी सशक्त कविता %बूढ़ा गांव % कविता लिखी है , इसका अंश देखिए-

मेरा गांव /जब भी अपने गांव से लौट कर आता हूं /स्मृतियों य और विस्मृतियों से भर जाता हूं/ कितना जवान था वो

शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

पर्यावरण से जुड़ी कविताओं में पेड़ का विश्वासघात (पृष्ठ 78) भी उल्लेखनीय है। क्लासिक ग्रंथ या शास्त्रीय पुस्तक से अनुराग प्रकट करती और उसके प्रति निष्ठा बताती कविता काश मुझे पढ़ लिया होता(59) उन्होंने लिखी है, तो स्त्री की संवेदना उसके दुख दर्द और अनुभूतियों को प्रकट करती उनकी कविता देह(60) स्त्रियों ने रची है सभ्यता यह (पृष्ठ 82) पठनीय है। कविता के बारे में कवि बहुत गम्भीर हैं, इस विषय मे %नहीं लिखी कोई कविता%(58) जैसी कविता में वे कविता और उसके सृजन के बारे में लिखते हैं, - कई दिनों से नहीं लिखी कोई कविता/ ऐसा नहीं है कि मेरी लेखनी की आग बुझ गई है/ या कि मेरे विषय चुक चुके हैं/ अथवा मेरी संवेदना समाप्ति की ओर है

इस संग्रह के तीसरे खंड के कवि हैं मिथिलेश राय, उन्होंने आत्मकथ्य में लिखा है %मैं भूख, गरीबी, शोषण, अत्याचार ,जाति, नस्ल भेद पर कविता लिखते हुए प्रेम और सुंदरी को परे हटाकर नहीं देखता, क्योंकि दोनों ही जीवन के जरुरी हिस्से हैं। मिथिलेश की कविताओं में के बारे में संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने लिखा है %मिथिलेश की कविता में विषयों और अनुभवों की विविधता है, इसलिए उनके पास कविता के भरे पूरे संसार का एक प्रतिदर्श है।

मिथिलेश के सरोकार समाज के सब पक्षों से हैं, सारे संसार से हैं। गांव और पुरानी परंपरा के बारे में जब कविता लिखते हैं, तो अपनी आत्मीयता उड़ेलज्ञ देते हैं. कविता किताब में वे किताब को सम्बोधित हो कर कहते हैँ- तुम्हीं ने सिखाया हर मुश्किल /समय की बारहखड़ी पढ़ना/ और कसकर थामें रहना धैर्य की डोर/

सिखाया तुम्हीं ने खूब और उदासी के बीच सुनना
आहट उम्मीद की
तुम ही से सीखा बार-बार
उठना गिरकर
जीवन जीना भी सिखाया
तुम्हीं ने ओ मेरी किताब

धर्म व ईश्वरीय सत्ता पर उनकी कविता ईश्वर पठनीय है

उठो /ए ईश्वर /तुम कब तक लड़ते रहोगे /अपनी ही धर्म ध्वजा के खातिर (ईश्वर 1)

सभी ने रखा केवल अपने ही/ अनुयायियों का ख्याल/ उन्हें ही किया उपकृत /केवल उन्हीं के सुख-दुख का/ लिया जिम्मा/

हर ईश्वर के अनुयाई /भरते रहे आपस में /अपने ईश्वर के लिए वे बने रहे/ एक दूसरे की जान के दुश्मन!

नासमझ कविता का यह अंश देखिए- कौए ने /कोयल से जने/ उन चूजों को भी/ अपने चूजों के/ समान ही पाला-पोसा/ दुलारा अपना ही/ समझकर/ कौए से बड़ा नासमझ/ तो देखा ही नहीं कहीं/ आज तक/ फिर भी/ कभी-कभी सोचता हूं/ दुनिया रहने तक/ बना रहे प्रेम/ इसके लिए उतना बुरा तो नहीं है/ कौए की तरह/ बेवकूफ बने रहना!

समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में उनकी कविता बारिश में कसक एक विशिष्ट प्रकार के भाव से भर देती है, तो काव्य करने के बारे में मोची का छाता की कविता उनको समकालीन कवियों से कुछ ऊंचा खड़ा कर देती है - मोची का छाता/ एक/ भरोसे जैसा है /जैसा भी है उसका है /काम करने की सहूलियत देता हुआ/ कविता, जैसी भी है मेरी है/ इंसान की तरह जीने में मदद करती हुई!

इस संकलन में शामिल तीनों कवि अभी उदीयमान कवि हैं, उन्होंने अभी कुछ वर्षों से लिखना शुरू किया है, उन सबके कविता के मुहावरे विकसित होने के दौर में हैं। उन्हें यश मिलेगा लेकिन तब जब वे खुद की शैली को एक पहचान देंगे। निश्चित ही तीनों की कविता सहित विचार और शैली की हिंदी साहित्य में पहचान कायम होगी, यानि तब बिना नाम पढ़े भी उनकी कविता को देख पाठक को उनका नाम याद आएगा। वह पहचान कर सकेगा कि यह आनंद सौरभ की या पद्मनाभ या मिथिलेश राय की है । तीनों कवियों ने प्रचलित विषयों से हटकर कविताएं लिखी हैं और हरेक ने कुछ विशिष्ट अनुभूतियां और विषयों पर कविताएं रची हैं यह एक उल्लेखनीय बात है । अभी तक कविता के दायरे से बाहर रहे भाव, विषयों पर कविता लिखना ऐसे युवा रचनाकारों की नई दृष्टि और विशिष्ट रचना धर्मिता कहीं जा सकती है । सामान्य बोलचाल की भाषा में अपनी काव्य परंपरा को ग्रहण कर यह तीनों कवि अपने रचना कर्म की पहली झलकी से एक संकलन के रूप में पाठकों को आत्म परिचय प्रदान करते हैं और पाठक इन्हें पढ़कर उत्साह के भाव से भर जाता है, तीनों के प्रति सराहना का भाव प्रकट होता है। निश्चित ही तीनों कवि आगे जाकर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेंगे। यह संकलन ब्रज श्रीवास्तव की दूरदर्शिता और एक सुविचारित नीति का पहला पुष्प है, यह संकलन उनके संपादकीय हुनर के लिए भी पाठक को आश्वस्त करता है ।

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की जन आशीर्वाद यात्रा आज नगर में

**भेरून्दा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन आशीर्वाद यात्रा 29 अक्टूबर को नगर में शाम 4 बजे में आ रही है। शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी है और वह अपने क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने शनिवार से वार्ड वार्ड जनसंपर्क करना प्रारंभ कर दिया है। वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान रमेश यादव, पारस तरण, संजय सोनी, सुमंत मित्तल, राजेंद्र गर्ग, संजीव साईनाथ, मनोज साईनाथ, बलजीत यादव नजर गोरी सीताराम कुशवाह आदि कई लोग मौजूद रहे और वार्डों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।

### पुलिस ने जिलाबदर आरोपी को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**सिरोंज, देशबन्धु।** गत दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर बदमाश रमेश यादव निवासी खामखेडा थाना सिरोंज बासोदा नाका से सिरोंज की ओर आ रहा है। जिसकी सूचना पर जिला बदर आरोपी को प्र.आर. अमित मिश्रा द्वारा हमराह बल के साथ पकड़ा जिसकी तलाशी लेने पर जिला बदर बदमाश रमेश यादव के पास एक लोहे का छुरा रखे हुए मिला जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाए। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने एवं अवैध हथियार रखने पर थाना सिरोंज में धारा 25 आर्म्स एक्ट व 14, 15 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय सिरोंज पेश किया गया। गिरफ्तारी में प्र.आर. अमित मिश्रा, 703 रघुवीर मीणा, आर. संतोष रघुवंशी, आर. राहुल पटेल का विशेष योगदान रहा।

### बालिका के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को 3 साल की सजा

**मुरैना, देशबन्धु।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी सूरज माहौर उम्र 22 साल निवासी बीच का पुरा थाना अवाह, जिला मुरैना म.प्र को भारतीय दण्ड विधान की धारा 354, 354क तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट में दोषी पाते हुये 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 3,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 03 मई 2021 को दोपहर पीडिता बालिका शौंच करने अकेली नाना के घर से थोड़ी दूर खेत जा रही थी, तभी रास्ते में चचेरा मामा का लडक़ा सूरज माहौर ने पीड़ित बालिका का बुरी नीयत से हाथ पकडक़र छेड़छाड़ की। पीड़िता के चिल्लाने पर उसके मामा का लड़का वहां आ गया उसे देखकर आरोपी वहां से भाग गया। इसके बाद पीड़िता बालिका अपने माता-पिता के साथ पुलिस थाना अंबाह आकर आरोपी सूरज माहौर के विरूद्ध उक्त अपराध के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके पश्चात् अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिस पर से न्यायालय द्वारा आरोपी को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सोवरन सिंह माहौर सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी तहसील अंबाह जिला मुरैना द्वारा की गई।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की चुनावी कार्यों की समीक्षा

# वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए तैयारियां पूर्ण की जाएं:दुबे



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वीडियो कॉफ्रेंस सह बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने विधानसभा निर्वाचन संबंधी की जा रही कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों से नामांकन पत्रों की प्राप्ति के संबंध में जानकारी लेते हुए नामांकन की निर्धारित तिथि उपरांत संवीक्षा सहित की जाने वाली अन्य कार्यवाहियों की तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु के जिन वृद्ध मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं ने फार्म 12-डी भरकर घर पर ही मतदान के लिए आवेदन किया है, उन मतदाताओं के घर पर ही मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार तैयारियां पूर्ण की जाएं। उन्होंने पूर्ण सुरक्षा और गोपनीयता के साथ घर पर ही मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बसों की जांच किए जाने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान यात्रियों को असुविधा ना हो, इसका ध्यान रखा जाए।

उन्होंने सम्पत्ति विरूपण की समीक्षा के दौरान क्षेत्रों का सतत् भ्रमण कर सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का सख्ती से पालन कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों के साथ ही नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में भी नियमित साफ-सफाई कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक वकास शहवाल द्वारा भी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार सहित नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी भी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली वाहन रैली



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में चलाए जा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन नगर में शनिवार को नगर पालिका द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता वाहन रैली को एसडीएम श्री मुकेश सिंह द्वारा पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन रैली में एसडीएम श्री मुकेश सिंह, पीओ डूडा और सीएमओ सुलेखा जाटव, जनशिक्षक श्री सूर्यप्रकाश सक्सेना, श्री पवन सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ तथा शिक्षक भी शामिल हुए। वाहन रैली के माध्यम से मतदाताओं, विशेष रूप से युवा और नवीन मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वाहन रैली में शामिल वोट मेन आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके द्वारा भी सभी मतदाताओं से 17 नवम्बर को मतदान केंद्र जाकर वोट डालने की अपील की गई। यह वाहन रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर सागर तिराहे होते हुए टोल नाका सागर रोड पहुंची और वहां से वापस न्यू बस स्टैंड होते हुए खेल स्टेडियम पहुंची। यहां वाहन रैली का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र क्षेत्रों में भी सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में विशेष रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

# पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान गिरफ्तार किए 10 वारंटी



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाने में लंबित गिरफ्तारी व स्थायी वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश कुमार गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भेरुन्दा दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भेरुन्दा गिरीश दुबे द्वारा प्रधान आरक्षक दिनेश जाट, प्रधान आरक्षक राजेंद्र वर्मा, आरक्षक योगेश कटारे, आरक्षक विपिन जाट की टीम गठित कर विशेष मुहीम के तहत रात्रि गश्त में 12 से 5 बजे के मध्य देहात व कस्बा भेरुन्दा में जगह जगह से 4 गिरफ्तारी व 6 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त वारंटी मारपीट, चेक बाउंस, आर्म्स एक्ट, बलात्संग, जिला बदर उल्लंघन के अपराध में लम्बे समय से फरार थे। समस्त वारंटियों को ग्राम छापरी थाना गोपालपुर, ग्राम चिचलाय खुर्द थाना रेहटी, ग्राम सोंठिया थाना भेरुन्दा, ग्राम छिदगांव मौजी से टीम द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेरुन्दा में पेश किया गया है। कार्रवाई में स्थायी वारंटी आनंद शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर, जगदीश गोंड उम्र 70 वर्ष ग्राम छापरी थाना गोपालपुर, रामकिशोर उर्फ संतोष जाट उम्र 42 वर्ष ग्राम छापरी थाना गोपालपुर, रामेश्वर जाट उम्र 38 वर्ष ग्राम छापरी थाना गोपालपुर, मो. अरशद खान उम्र 25 वर्ष भेरुन्दा, गब्बूलाल गोंड उम्र 65 वर्ष ग्राम छापरी थाना गोपालपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तारी वारंट में जावेद खान उम्र 35 वर्ष ग्राम सोंठिया, चंदर सिंह उम्र 45 वर्ष ग्राम चिचलाय खुर्द थाना रेहटी, राजेश डागोर उम्र 51 वर्ष ग्राम छिदगांव मौजी, आकाश डगर उम्र 28 वर्ष ग्राम छिदगांव मौजी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दिनेश जाट , प्रधान आरक्षक राजेंद्र वर्मा,, आरक्षक योगेश कटारे, आरक्षक विपिन जाट का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा ने ही अल्पसंख्यक समुदाय की चिंता की: सिद्दीकी

- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ग्रामीण मंडल सांची की कामकाजी बैठक हुई, अनेकों लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता



**रायसेन, देशबन्धु।** सांची मंडल के ग्राम सिलवाहा बांसखेड़ा में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे की कामकाजी बैठक आहूत की गई। जिसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला अध्यक्ष सिद्दीक सिद्दीकी, जिला कार्यालय मंत्री एवं विधानसभा प्रभारी इमरान अहमद, जिला मंत्री फैसल खान, जिला मंत्री शेख वहीद, जिला कार्य समिति सदस्य अकरम खान, सांची मंडल के अध्यक्ष फैसल खान, मंडल महामंत्री इदरीस अहमद, मंडल उपाध्यक्ष राशिद अली,मंडल उपाध्यक्ष इनाम उल्लाह,मंडल मंत्री महफूज भाई,मोर्चे के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सिद्दिक सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा वास्तव में वह पार्टी है जिसने अल्पसंख्यक समुदाय की चिंता की है आज हम देखते हैं कि लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना जिसमें के 36 प्रतिशत मुस्लिम महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। चाहे किसान सम्मान निधि की बात हो प्रधानमंत्री आवास की बात हो या प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का इलाज की बात हो। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा मुस्लिम समाज के हित को देखते हुए और मुस्लिम समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए संपूर्ण भारत में मध्य प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जहां पर की भाजपा ने हज हाउस का निर्माण कराया जिस से भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पद्धति और हर समाज वर्ग का विकास और सम्मान हमारे सामने देखने को परिलक्षित होता है। यदि कोई पार्टी हमारे लिए इतनी चिंता करती है तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम क्यों किसी अन्य दलों और लोगों की बातों में आकर अपने हित के विषय से भटक जाएं। आज भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह हमारी चिंता की है हमें भी पार्टी के लिए उतनी ही निष्ठा ईमानदारी और चिंता से काम करना चाहिए ।

बैठक के अंत में सिलवाहा, बांसखेड़ा के अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 35 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का सफल संचालन अकरम भाई और फैसल खान ने किया,आभार प्रकट मंडल के अध्यक्ष फैसल खान और मंडल उपाध्यक्ष इनामुल्लाह खान ने किया। क ार्यक्रम में मुख्य रूप से राशिद सरपंच ,अरविंद सिंह सरपंच, इंद्रजीत राजपूत, शरद पाराशर सरपंच ,महबूब, संजय महाराज, रईस भाई, इश्तियाक, हसीब, इंसाफ,भूरा आदि लोग प्रमुख रूप से कार्यक्रम में रहे।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराजपुर इलाके में रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार को जहर खा लिया जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्लू पुत्र लक्खा राम कुशवाह 37 निवासी बजरंग कॉलोनी महाराजपुर रोड ने शुक्रवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लास परिजनों को सौंप दी है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या:** मुरैना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पीपल वाली गली प्रेम नगर में एक युवक ने बीती रात्रि घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

बताया जाता है कि पंजाब जाटव पुत्र रामदयाल जाटव 40 वर्ष निवासी प्रेम नगर ने अज्ञात कारण के चलते बीती रात्रि घर के अंदर फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस चेकिंग में ठेकेदार के पास मिली लाखों की नगदी

- पुलिस कर रही मामले की जांच



**मुरैना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा 50 हजार रुपए से अधिक की नगद रकम ले जाने वालों पर चेकिंग के दौरान नजर रखी जा रही है। इसी दौरान कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात चेकिंग के दौरान एक ठेकेदार से चार लाख 90 हजार रुपए की रकम बरामद की है। पुलिस द्वारा रकम के बारे में जानकारी ली जा रही है, कहां से आई और कहां जा रही थी।

थाना प्रभारी सिटी कोतवाली सुनील खेमरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबर से सूचना मिली कि एक युवक बाइक पर लाखों रुपए नगदी लेकर जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने कोतवाली के सामने चेकिंग पॉइंट लगाया और रात्रि 10 बजे के लगभग भूपेंद्र सिंह सिकरवार नमक ठेकेदार निवासी बनखंडी रोड गोपालपुरा मुरैना को रोककर तलाशी ली, तो उसके कब्जे से चार लाख 90 हजार रुपए की नगद रकम मिली। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की गई तो बताया कि वह ठेकेदारी करता है और लेबर को देने के लिए पैसा ले जा रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है कि इतनी रात्रि में लेबर के लिए इतनी बड़ी रकम की आवश्यकता कैसे पड़ी। क्या यह रकम चुनाव में वितरित करने के लिए तो नहीं आई है, जांच पूरी होने के बाद ही पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाएगी।

# पूर्व सांसद के घर से चोरी हुआ 30 लाख का माल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जोरी गांव सोलंकी वाली गली में पूर्व सांसद बाबूलाल सोलंकी के घर से हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 30 लाख रुपए कीमत का जेवर बरामद किया है तथा उसके दो अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

फरियादी विजय कुमार सोलंकी पुत्र स्व. बाबूलाल सोलंकी पूर्व सांसद उम्र 44 साल निवासी सोलंकी वाली गली जौरी गांव मुरैना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 अक्टूबर को मैं अपने मकान का ताला लगाकर अपनी पत्नी एवं पुत्र के साथ फेरा में अपनी ससुराल आगरा गया था। जब 18 अक्टूबर की शाम करीबन 05.00 बजे आगरा से हम लोग वापस आये तो घर के अन्दर जाकर देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। सोने के जेवरात एवं नगद रुपये को कोई अज्ञात चोर छत के रास्ते से जाला तोडक़र चोरी कर ले गया, पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह एवं उनकी टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए संदेही दीपू खरे (जाटव) जो कि भागने की फिराक में खड़ा था, फोर्स की मदद से पकडक़र पूछताछ की गई तो संदेही द्वारा अपने साथी के साथ उक्त घटना घटित करना स्वीकार किया। पुलिस ने श्री सोलंकी के घर से चोरी गए हमेल, छोटा हार, 4 जोडी कान की झुमकी, 1 सीतारानी, 1 जंजीर (लर), 1 मर्दानी अंगूठी, 1 बड़ा हार, 2 जोड़ी (कुल 4) चूड़ी, 6 जनानी अंगूठी कीमत 30 लाख रुपए बरामद किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन वीरेश सिंह कुशवाह, उनि, धर्मेन्द्र सिंह गौर, उनि, मेघा सोनी, उनि, यशपाल सिंह, प्रआर. सुनील चौधरी, रविन्द्र शर्मा, आर. विजयपाल, कमल किशोर, मुनेन्द्र चौहान, ऋषिकेश भदौरिया, आर. गोपेश तोमर की विशेष भूमिका रही।



## बस में पार्सल होकर आ रहे चांदी के 6 पैकेट पकड़े, मामला एफएसटी को सौंपा

**मुरैना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए सराय छोला थाना पुलिस द्वारा अल्लाह बली बॉर्डर पर लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बीती रात्रि पुलिस ने आगरा से ग्वालियर जा रही एक बस से पार्सल होकर आ रही चांदी को जप्त कर एफएसटी को सौंप दिया है, अब वही मामले की जांच करेगी। थाना प्रभारी दर्शनलाल शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आगरा से एक बस में ग्वालियर की और चांदी के पैकेट पार्सल होकर जा रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने रात्रि 11 से 1:00 बजे के बीच सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए वाहनों की तलाशी ली। मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर जो बस वहां आई और उसकी तलाशी ली तो 6 पैकेट चांदी के बरामद हुए। थाना प्रभारी द्वारा माल को जप्त करने के बाद एफएसटी को जांच पड़ताल के लिए दे दिया गया है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### बुद्धिस्ट देश वियतनाम के बौद्ध भिक्षु एवं भिक्षुणी पहुंचे मुलताई

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में शनिवार सुबह 10 बजे बुद्धिस्ट देश वियतनाम के बौद्ध भिक्षु एवम् भिक्षुणी का नगर आगमन हुआ। भिक्षु संघ में कुल 7 लोग शामिल थे। वे नगर में बौद्ध अनुयायियों के घर पहुंचे जहा उन्होंने बुद्ध के द्वारा बताए गए उपदेशों से उन्हें अवगत कराया। बुद्ध के बताए मार्ग पर चलते हुए त्रिशरण, पंचशील, आर्य अष्टांगिक मार्ग और उनकी परिमिताओ का पालन करने के लिए कहा। उनके द्वारा धम्म देशना दी गई जिसमे बौद्धकाल की गाथाएं सुनाई गई। जिसके बाद बौद्ध अनुयायियों ने उन्हें अर्थदान कर अगले पड़ाव के लिए विदा किया। बौद्ध अनुयायी एसडी पाटिल ने बताया की वियतनाम से 7 बौद्ध भिक्षु एवं भिक्षुणी का संघ बैतूल से होते हुए नगर में पहुंचा था जिन्हें उन्होंने अपने निवास पर आमंत्रित किया जहा उनके द्वारा बताए गए बुद्ध के उपदेशों को सुना और उनका पालन करने का संकल्प लिया। धम्म देशना के बाद वे अमरावती की ओर रवाना हो गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बौद्ध अनुयायी रमन मालवी, एस आर लोखंडे एवं अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### भजन संध्या में आज दुनावा आएंगे गायक किशन भगत

**मुलताई, देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुलताई क्षेत्र के ग्राम दुनावा में आज शाम 7 बजे से हाई स्कूल ग्राउंड में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमे इंदौर से महाकाल भक्त सुप्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलाश कड़वे एवं ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष दुनावा में विशाल स्तर पर शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया जाता है, पिछली बार भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी प्रस्तुति दी थी, इस बार महाकाल भक्त सुप्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत प्रस्तुति देंगे। हर वर्ष इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण एवं ग्रामीण दूर दराज से भजन संध्या में गायकों को सुनने के लिए पहुंचते है।

### आज नगर में कवि कुंभ व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** वाघेश्वरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष जयकिशन चंदेल व सचिव दीपक साहू सरस ने बताया कि आज रविवार सुबह 09 बजे से पवित्र नगरी मुलताई में भव्य कवि समागम व पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें 100 कवियों का काव्यपाठ व पत्रकारों का सम्मान समारोह रखा गया है। मां वाघेश्वरी साहित्य परिषद खेड़ली बाजार और नर्मदा आह्वान सेवा समिति होशंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कवि समागम स्व. मदन सोनी मोरखा, स्व. एन लाल जैन मुलताई, स्व. बसंत मिरासे 'बसंत' बैतूल, स्व. स्वाति सोनी मुलताई और स्व. पंछीलाल बेले बड़गांव की पुण्य स्मृति को समर्पित है । यह पूर्णतः निशुल्क है और यह इस गौरवशाली परंपरा का यह तीसरा वर्ष है। कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्र के वरिष्ठ कवि और प्रसिद्ध मंच संचालक दीपक साहू 'सरस' और नर्मदा आव्हान सेवा समिति होशंगाबाद के प्रमुख कैप्टन किशोर करैया है।

# निकाली मतदाता जागरूकता रैली, शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

**▶ नपा से जयस्तंभ चौक तक निकाली रैली**




**सारनी, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर पालिका से जय स्तंभ चौक तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने हिस्सा लिया। नगर पालिका के सभाकक्ष में एवं कार्यालय परिसर में मतदान जागरूकता से संबंधित रंगोली सजाई गई। इसके बाद यहां सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम, महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे,रश्मि अकोदिया एवं नगर पालिका के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यालय परिसर से रैली का आयोजन किया गया। पेट्रोल पंप,बस स्टैंड, शॉपिंग सेंटर,केंद्रीय विद्यालय होते हुए रैली जय स्तंभ चौक पहुंची। यहां नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया ने सभी से मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। इस मौके पर उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल,नितिन मीना, केएल सोनारे, विनायक बागड़े,महेश शर्मा,तीरथ वरकड़े, सुखदेव बोहरपी, गुरूस्वामी एरोलू,श्रीपत काटोलकर राजेश बगाहे,राजेश वागद्रे,लक्ष्मण पंडाग्रे,स्वीप प्लान प्रभारी रंजीत डोंगरे, निराकार सागर,कामदेव सोनी,दीपक मोहबे, अनिल लिल्लहोर, बुधराम मोहाबे,कीर्ति नायक,संतोष धोटे, अनिता लोखंडे,गुणवंत हुरमाड़े सहित अन्य लोग उपस्थित थे। स्वीप प्लान के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के.मेश्राम के निर्देशन में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न स्कूलों में रंगोली,मेहंदी, स्लोगन,निबंध,भाषण स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा युवाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। वहीं सार्वजनिक चौक-चौराहों एवं वार्डों में लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार आयोजन

# चंद्रग्रहण का सूतक लगते ही पवित्र नगरी में बंद हुए मंदिरों के पट





**मुलताई, देशबन्धु।** शनिवार एवं रविवार की दरम्यानी रात पूर्णिमा पर होने वाले चंद्रग्रहण के चलते शनिवार शाम 4.5 बजे सूतक लगते ही नगर में मंदिरों के पट पुजारियों द्वारा बंद कर दिए गए। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद रविवार सुबह 4 बजे भगवान को स्नान कराकर पूजन किया जाएगा। वहीं नगर में होने वाली ऐतिहासिक रामलीला शनिवार ग्रहण होने से स्थगित की गई जो रविवार से शुरू की जाएगी। मां ताप्ती मंदिर के पुजारी पंडित सौरभ जोशी ने बताया कि शनिवार की रात साल का आखिरी चंद्र ग्रहण के कारण यह निर्णय लिया गया। पंडित जोशी ने बताया कि ग्रहण के समय सभी मन्दिरों को बंद कर दिया जाता है और ग्रहण खत्म होने पर भगवान को स्नान करवाकर पूजन किया जाएगा।

# मकान मालिक और ठेकेदार पर लापरवाही से मौत का केस दर्ज

**▶ पितृपक्ष में छत डालने के दौरान बिजली करंट की चपेट मे आने से हुई थी मजदूर की मौत**

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम दुनावा में निर्माणाधीन मकान का छत डालने के दौरान एक मजदूर बल्ब जलाने के लिए का प्लग में बिजली तार लगाने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आ गया था।गंभीर रूप से झुलसे मजदूर की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने मकान स्वामी और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज किया है।गौरतलब है कि बीते 1 अक्टूबर को ग्राम दुनावा में धर्मेंद्र माटेकर के निर्माणाधीन मकान पर छत डालने का कार्य हो रहा था।ग्राम दुनावा निवासी कमलेश पिता नत्थू परिहार 42 साल छत डालने के कार्य मे मजदूरी पर गया था। शाम करीब 7.30 बजे के दरमियान अंधेरा होने पर कमलेश बल्ब जलाने के लिए बिजली के तार प्लग में लगा रहा था। इस दौरान कमलेश बिजली करंट की चपेट में आ गया। जिसे परिजन उपचार के लिए मुलताई के सरकारी अस्पताल लेकर आए। उपचार के दौरान कमलेश की मौत हो गई थी। दुनावा निवासी गोलू परिहार की सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की गई। जांच में मकान स्वामी और ठेकेदार द्वारा सुरक्षा इंतजाम किए बिना लापरवाही पूर्वक कार्य करने का खुलासा होने पर पुलिस ने मकान स्वामी धर्मेंद्र माटेकर और राकेश परिहार के खिलाफ धारा 304 ए, 34 भादवि के तहत केस दर्ज किया है।

### मालवीय को बनाया विधानसभा मीडिया प्रभारी



**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा द्वारा रामचरण मालवीय को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला की सहमति से मुलताई विधानसभा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नवीन नियुक्ति पर भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई प्रेषित की है।

# कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ने शुरू चुनाव प्रचार



**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक निलय डागा ने शनिवार से चुनावी प्रचार शुरू कर दिया। शनिवार सुबह 11 बजे कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा विनोबा वार्ड स्तिथ शिव मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पूजा अर्चना करने के पश्चात वार्ड में अपना जनसंपर्क शुरू किया। वार्ड के प्रत्येक घरों में पहुंचकर डागा ने आगामी चुनाव मै अपने लिए मतदाताओं का समर्थन मांगा। बैंड बाजो ढोल ढमाकों के साथ चुनाव प्रचार के लिए निकले डागा के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम भी चल रहा था। शाम 4 बजे डागा ने लोहिया वार्ड में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रदेश महासचिव समीर खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरू शर्मा, सुनील जेधे, नवल सिंह ठाकुर, शैलेष गुबलेरे, मनोज आहूजा, प्रशांत राजपुत, सुरेन्द्र घोडक़ी, प्रशांत तिवारी, मोनू बडोनिया, सोमेश त्रिवेद्वी, डैनी भावसार, हाजी शेख असलम, सलाम भाई, आबिद भाई, अंकित ठाकुर, बॉबी जेधे, रैवाराम रावत, नेताराम रावत, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं आम नागरिक मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी हेमंत खंडेलवाल ने किया जनसंपर्क



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम बोरगांव में भाजपा प्रत्याशी हेमंत खंडेलवाल ने जनसंपर्क किया। इस दौरान बिटिया गांव के ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान ग्राम के पूर्व उपसरपंच गुनना उइके, सुखलाल उईके, भूरा धुर्वे, गरीबा मनोज आदि शामिल है। जनसंपर्क में शक्ति केन्द्र प्रभारी धर्मेंद्र राठोर, गोकुल सिंह चौहान, हंसराज धुर्वे, पर्वतराव धोटे, नितिन बारसकर, कमल मालवीय, चिंटू पटेल, भगु चढ़ोकार, होकर दरवाई, नामदेव पटेल, हरि उघड़े, रुपेश अगवाल ईमलेश बारस्कर, लीला उघड़े, हंसराज गायकवाड़, दिपक खंडारे, नरेन्द्र बारस्कर, संजय सोनारे, किसने पोटफोडे, राजेंद्र पांसे, रघुनाथ धुल, देवराव कुभरे, पंजाब पोटफोडे, बाबूराव दाबडे, राजू धोके सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइबर सेल की मदद से की जाएगी अवैध तस्करी की रोकथाम

**▶ उप वन मंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र अधिकारियों की संयुक्त बैठक में लिया निर्णय**

**बैतूल, देशबन्धु।** महाराष्ट्र प्रांत अन्तर्गत मेलघाट टाईगर रिजर्व के सेमाडोह गांव में 27 अक्टूबर को सीमावर्ती क्षेत्र के वनमंडलाधिकारी, उप वनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन अनुज्ञा पत्र महाराष्ट्र में निशुल्क पास के संबंध में समन्वय करने, संवेदनशील क्षेत्र में संयुक्त छापामार कार्यवाही कर शक्ति प्रदर्शन करना, संयुक्त रैली निकालना, प्रौद्योगिकी साइबर सेल का उपयोग करके अवैध तस्करी को रोकने के संबंध में सभी वनमंडलाधिकारियों द्वारा बैठक में आपसी समन्वय स्थापित करने के लिए सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 19 अक्टूबर 2022 को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र राज्य के वन मंडलाधिकारी, उप वन मंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र अधिकारियों की संयुक्त बैठक, कार्यशाला कुकरू कॉन्फ्रेंस हाल में संपन्न हुई थी। जिसमें अवैध लकड़ी की तस्करी पर रोकथाम, संवेदनशील क्षेत्रों में बेरीयर बनाना, संयुक्त दल बनाकर गश्ती करने, वन्यजीव के अवैध शिकार पर रोक, वन अग्नि सुरक्षा हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने, जानकारी, तकनीक का आदान-प्रदान, मुखबीर तंत्र बनाने के परिणाम सकारात्मक मिलने से इस वर्ष भी बैठक आयोजित वन संरक्षण के लिए योजना बनाई गई। बैठक में प्रमुख रूप से वन मंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल सा. विजयानन्थम टी.आर. वनमंडलाधिकारी दक्षिण छिन्दवाड़ा लक्ष्मीकांत वासनिक, वनमंडलाधिकारी, अमरावती अमित मिश्रा, उप संचालक, मेलघाट टाईगर रिजर्व दिव्यभारती एम., वन मंडलाधिकारी परतवाड़ा, अग्रीम सैनी, उपसंचालक जय कुमार, कुमार स्वामि, सुमंत सोलंकी, वन मंडलाधिकारी मेलघाट बफर यशवंत के साथ-साथ सभी वनमंडल के उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, बुरहानपुर एवं खण्डवा वनमंडल के उप वन मंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी बैठक में सम्मिलित रहे।

# मंडी में प्याज की आवक कम, लगातार बढ़ रहे दाम

**बैतूल, देशबन्धु।** प्याज के दामों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ोतरी हो रही है। प्याज के दाम बढ़ने के चलते गरीब के थाली से प्याज का जायका गायब होते जा रहा है। प्याज के दामों में एकाएक बढ़ोत्तरी होने के पीछे प्याज के व्यापारियों का तर्क है कि मांग की तुलना में आवक कम हो रही है। जिसके चलते प्याज की दाम में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि नासिक मंडी में ही प्याज 32 से 40 रुपये किलो के बीच बिक रहा है। ऐसे में इसका असर हमारे यहां पर भी दिखाई दे रहा है। वहीं प्याज के दाम बढ़ने को महिलाओं का कहना है कि गरीब की थाली से एक बार फिर से प्याज का जायका गायब हो गया है।

### इसके पूर्व में टमाटर के भी दाम आसमान पर पहुंचे

करीब एक माह पहले हमारे यहां पर टमाटर के दाम भी आसमान पर पहुंच गए थे, टमाटर 150 से 200 रूपए किलो तक पहुंच गए थे, अब टमाटर खुदरा बाजार में 30 से 40 रूपए तक बिक रहा है। वहीं एक बार फिर लोगों की थाली से प्याज गायब होने के साथ ही , लोगों के आंसू प्याज निकालने लगा है। खुदरा बाजार में प्याज की कीमत 50 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं थोक मंडी में भी यह 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में आवक कम होने से प्याज के भाव चढ़े हैं।

### एक माह में दोगुना हो गए दाम

प्याज के दाम पिछले एक माह में खुदरा बाजार में डबल हो गए है। पहले खुदरा बाजार में प्याज की कीमत 35 से 40 रुपये किलो थी, वहीं थोक मंडी में 24 से 30 रुपये किलो के बीच बिक रहा था,लेकिन यह आम दिनों के आवक की तुलना में आधी है, ऐसे में दाम बढ़ना लाजमी है।

# शरद पूर्णिमा पर हुए धार्मिक अनुष्ठान

**सारनी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत चिखली आमढाना में शरद पूर्णिमा पर स्थित संत शिरोमणि सिंगाजी महाराज की चरण पादुका एवं अखंड ज्योति स्थल पर निशान चढ़ाए गए एवं भजन कीर्तन का दौर सुबह से दोपहर तक चलते रहा। इधर ग्राम पंचायत अंनकावाड़ी एवं चारगांव यादव समाज के लोगों द्वारा पैदल रैली निकालकर हाथ में सफेद ध्वजा निशान लेकर ग्राम पंचायत चिखली आमढाना पहुंचकर संत शिरोमणि सिंगाजी महाराज के समक्ष निशान चढ़ाया। गांव के युवा इंदल यादव, मदन यादव ने बताया कि समाज के लोगों द्वारा यहां पर घी चढ़ाने की परंपरा भी है। जिससे अखंड ज्योत 12 महीने जलती रहती है। इधर समाज के धनराज यादव, शिव शंकर यादव आदि ने बताया कि संत शिरोमणि सिंगाजी महाराज के समक्ष पिछले 15 सालों से अखंड ज्योत जल रही है। ग्रामीण राजेश यादव ने बताया कि हरसूद तहसील से आमढाना के ग्रामीणों द्वारा संत सिंगाजी के दरबार में पहुंचकर जलती हुई अखंड ज्योत को लाकर ग्राम चिखली आमढाना में स्थापना की। कार्यक्रम के अंत में संत शिरोमणि सिंगाजी की आरती उतारी गई जिसमें आमढाना, अंनकावाड़ी,चारगांव, रानीपुर मेहकार सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के लोग इसमें सम्मिलित हुए। उसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीण लालजी यादव, परशुराम यादव ने बताया कि सिंगाजी दरबार में जिले सहित अन्य जिले के भी लोग शरद पूर्णिमा पर पहुंचते हैं। इधर जुवाड़ी में भी चढ़ाया गया। निशान घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जुवाड़ी शिव प्रसाद सराठे के घर के सामने स्थित संत शिरोमणि सिंगाजी महाराज की स्थली पर निशान चढ़ाया गया। क्षेत्र के उन्नत किसान नरेंद्र कुमार महतो एवं राजेश महतो ने बताया शरद पूर्णिमा पर पर्व पर ग्रहण होने के चलते एक दिन पूर्व ही रात्रि को संपूर्ण ग्राम के ग्रामीणों ने एकत्र होकर संत शिरोमणि सिंगाजी महाराज के स्थल पर निशान चढ़ाया एवं भव्य आरती का आयोजन भी आयोजित किया।

### अस्पताल में दूर हुई पीने के पानी की समस्या

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत कई दिनों से पीने के पानी की समस्या से अस्पताल आने वाले मरीज परेशान हो रहे थे, दिन के समय मरीज इधर-उधर से पीने के पानी की व्यवस्था कर लेते थे, लेकिन रात के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती थी। अस्पताल में लगा वाटर फिल्टर और कूलर विगत कई दिनों से खराब हो चुका था, उसे कई बार सुधरवाया गया लेकिन बार बार खराब होने के कारण पीने के पानी की समस्या बनी हुई थी। शनिवार एसके फाउंडेशन के द्वारा अस्पताल सहीत दो अन्य स्थानों पर वाटर फिल्टर और कूलर लगवाए गए, जिसके चलते अब सरकारी अस्पताल में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

*नए मतदाताओं के रूप में अपने अधिकारों का करें उपयोग: सहायक कलेक्टर*

# मतदाता जागरूकता के लिए हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट



**बैतूल, देशबन्धु।** सहायक कलेक्टर आईएस ऐश्वर्या वर्मा ने कहा कि संविधान में भारत के मतदाता को सरकार चुनने का अधिकार दिया है। आप मतदाता के रूप में प्राप्त अपने अधिकारों को पहचानने और अधिकारों का अधिक से अधिक उपयोग करें। सबसे पहला अधिकार से मतदान का अधिकार। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप क्रिकेट कप टेनिस टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में खिलाडियों का नव मतदाता के रूप में वर्मा उनसे उनका परिचय प्राप्त कर रहे थे। प्रतियोगिता में बैतूल, मुलताई, घोड़ाडोंगरी, आमला और भैंसदेही की टीमों ने भाग लिया। टीम में वे ही खिलाड़ी शामिल थे जो पहली बार मतदान करने वाले है। स्वीप कप टूर्नामेंट का प्रथम मैच बैतूल एवं मुलताई विधानसभा के युवा मतदाताओं की टीमों के मध्य खेला गया। मुलताई की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैतूल के खिलाडियों को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। 10-10 ओवर के इस टेनिस बॉल टूर्नामेंट में बैतूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 84 रन बनाए। जिसमें से मुलताई टीम के कप्तान मनोज उर्फ एमडी ने दो छक्कों की मदद से 44 रन की पारी खेली। आयुष ने 14 रन और दीपक व नितेश ने चार-चार रन का योगदान दिया। मुलताई की ओर से राहुल, चेतन, तन्मय, विशाल और तुषार ने गेंदबाजी की, जिससे बैतूल की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने का प्रयास करती रही। मुलताई की टीम ने जोरदार शुरुआत करते हुए बैतूल की टीम को पांच विकेट से हरा दिया।

प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला आमला और घोड़ाडोंगरी के बीच खेला गया। जिसमें घोड़ाडोंगरी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 221 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में 221 रनों का पीछा करते हुए आमला की टीम 153 रन ही बना पाई। घोड़ाडोंगरी की टीम ने 69 रनों से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का तीसरा मैच भैंसदेही और मुलताई के बीच खेला गया। भैंसदेही टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 50 रन ही बना पाई। मुलताई की टीम ने 4.4 ओवर में 50 रन बनाकर 8 विकेट से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुलताई, घोड़ाडोंगरी के मध्य कल खेला जाएगा।

**कलेक्टर इलेवन और एडव्होकेट इलेवन के बीच होगी बैट बॉल की जंग** : विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में स्वीप कप 2023 के लिए कलेक्टर इलेवन एवं एडव्होकेट इलेवन के मध्य 29 अक्टूबर रविवार को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का मैत्री मैच का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन और बैतूल नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में 20-20 ओवर का मैच खेला जाएगा।

## सार समाचार

### सोहेल का हुआ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



**पचमढ़ी,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता सीधी में आयोजित हुई जिसमें फुटबॉल में सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी के होनहार छात्र सोहेल ने सहभागिता की एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 आयु वर्ग में ब्राज मेडल प्राप्त किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित होकर नगर का नाम रोशन किया किया फुटबॉल प्रशिक्षक संतोष यादव स्टेट ऑफिशल रहे इस उपलब्धि पर प्राचार्य मनीष गुप्ता, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी गजेंद्र सुराजिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, अश्वनी मालवीय, विकासखंड क्रीडा अधिकारी अरविंद शर्मा, उमेश बारैया, रूप नारायण श्रीवास, किशन लाल उईके ,एवं समस्त विद्यालय परिवार खिलाड़ियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रदान की मध्य प्रदेश टीम में चयनित होने से खिलाड़ियों एवं नगर में हर्ष का माहौल है ।

### केशव शर्मा विधानसभा 137 में पर्यवेक्षक नियुक्ति



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज के आदेशानुसार होशंगाबाद जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल बामने की अनुशंसा पर केशव शर्मा को विधानसभा क्षेत्र होशंगाबाद 137 में संगठन की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया है ।उनकी इस नियुक्ति पर उनके मित्रों, शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनको शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

नाम वापसी और चिन्ह आवंटन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

# चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार 30 तक कर सकेंगे नामांकन

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कक्ष में दोपहर 3 बजे तक ही जमा होंगे



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 अक्टूबर नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि रहेगी। इस दिन दोपहर 3 बजे तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कक्ष में समस्त दस्तावेजों के साथ प्रवेश कर चुके अभ्यर्थी ही नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। परिसर में उपस्थित अभ्यार्थी नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए पात्र नहीं होगा।

शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन के संबंध में विधानसभावार समीक्षा की और अन्तिम पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नाम निर्देशन के संबंध निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन में कोई त्रुटि न हो इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन के संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के लिए अभ्यर्थी प्रारूप 5 में रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन कर सकेंगे। अभ्यार्थी, निर्वाचन अभिकर्ता या प्रस्तावक के अलावा कोई भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन वापसी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। 31 अक्टूबर को संवीक्षा होने के बाद ही अभ्यर्थी 2 नवंबर तक दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी के लिए आवेदन कर सकेंगे। बैठक में राजनैतिक दल, मान्यता प्राप्त दल, गैर मान्यता प्राप्त दल और अन्य के संबंध में चुनाव चिन्ह आवंटन के संबंध में निर्देशो की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि 5 नवंबर से मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 69 वाहनों पर 47500 का चालान एवं 192000 नगदी जप्त



***नर्मदापुरम, देशबन्धु।*** *शुक्रवार की मध्यरात्रि में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान एवं यातायात टीआई उषा मरावी के नेतृत्व में भोपाल रोड एसएसटी चेकपोस्ट पर संयुक्त मोर्चा संभालते हुए जिले की सीमा से बाहर एवं प्रवेश करने वाले वाहनों की तलाशी एवं चालानी कार्यवाही की गई। जिसमे आचार संहिता के समस्त जांच बिंदुओ को वाहनों में चेक किया गया। वाहनों में लगे हूटर, ब्लैक फिल्म को तुरंत हटवाया गया ,वाहनों में अंदर तलाशी ली गई एवं कागजात पूर्ति न रखने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। 180 वाहनों को जांच में 69 वाहनों के नियमविरुध्द चलते पाए जाने पर 47500 रुपए का चालान काटे गए। तलाशी अभियान में एक निजी कार से अवैध नगदी 192840 रुपए प्राप्त हुए। जिसे जप्त कर एसएसटी के पास जप्त रखा गया। जांच दल में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान एवं यातायात टीआई उषा मरावी के साथ संपूर्ण विभागीय जांच दल शामिल रहा।*

## नन्हें शावकों के साथ मछली ने दिये चूरना रेंज में दीदार



**इटारसी, देशबन्धु।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, जो न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है, वरन् यहां वनकर्मियों और आफिसर्स के लिए भी धड़कते दिल से कम नहीं। सैलानी यहां टाइगर के दीदार को आतुर रहते हैं। पहली बार बाघिन मछली ने यहां अपने तीन शावकों के साथ दीदार दिये जिन्हें वन विभाग के अधिकारी धीरज सिंह चौहान ने अपने कैमरे में कैद किया है।

बोरी अभयारण्य के अधीक्षक विनोद वर्मा ने अपने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो अपलोड करके लिखा है कि मछली बाघिन का पहला बच्चा धीरज चौहान सर द्वारा देखा गया था। इससे पहले हमने लगभग पंद्रह दिन पहले अपने शावकों के साथ बाघिन के पग चिह्न देखे थे और आखिरकार 26 अक्टूबर को, मां और 3 प्यारे शावकों की यह खूबसूरत झलक धीरज सर ने चूरना में कहीं कैद की थी। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन नन्हे शावकों को अपनी मां बाघिन मछली के साथ कैटवाक करते चूरना रेंज में देखा गया है।

बताया जाता है कि सतपुड़ा टायगर रिजर्व में दो बाघिन ने तीन-तीन शावकों को जन्म दिया है। 26 अक्टूबर को देखी गयी बाघिन मछली के अलावा पिछले सप्ताह मढ़ई में भी एक बाघिन को अपने तीन शावकों के साथ देखा गया था। ये नन्हे शावक अपनी मां के साथ खेल रहे थे। सैलानियों के लिए सतपुड़ा में इन दिनों काफी अच्छा माहौल है, चूरना, मढ़ई में जंगल सफारी और सतपुड़ा की मनोरम वादियां सैलानियों को बुलाकर अपनी खूबसूरत फिजाओं में खो जाने के लिए पुकार रही हैं।

### मतदाता जागरूकता अंतर्गत क्रिकेट मैच का आयोजन आज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के क्रम में आज सुबह 8 बजे एमपीसीए ग्राउंड नर्मदापुरम में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट मैच नवमतदाता विरुद्ध स्वीप टीम के मध्य खेला जाएगा। आयोजन के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह भी उपस्थित रहेंगे। ।

## मतदान केन्द्रों पर सफाई, पुताई एवं लेखन कार्य जारी




**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 चुनाव की दृष्टिकोण से प्रशासन मैदानी तैयारी पूर्ण करने में लगा है। मतदान केद्रों पर लगातार मतदान एवं मतदाता के अनुकूल व्यवस्थाएं बनाने के लिए आवश्यक कार्य किया जा रहे हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर सफाई, पुताई एवं लेखन का कार्य जारी है।

रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा प्रमोद सिंह गुर्जर ने बताया कि इन दोनों मतदान केद्रों पर लगातार सफाई, पुताई, बिजली कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था आदि के सुचारू होने का अवलोकन किया जा रहा है, जहां कहीं इस प्रकार की पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं हैं, वहां इन सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी संबंधित कर्मचारियों एवं विभाग को दिए हैं। विशेष रूप से मतदान केद्रों पर निर्वाचन संबंधी संदेश लिखने का कार्य किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग पंचायत विभाग एवं नगर पालिका द्वारा साफ सफाई के निर्देश जारी किए गए हैं। दीवार लेखन कार्य में विधानसभा निर्वाचन 136 सिवनीमालवा, क्षेत्र का नाम, भवन का नाम, कुल मतदाता महिला पुरुष एवं अन्य मतदान की दिनांक, मतदान का दिन, मतदान का समय, बीएलओ का नाम, बीएलओ का मोबाइल नंबर आदि अंकित किया जा रहा है।

## आज शाम ग्रहों के दर्शन से शुरू होगा विज्ञान -37

- नर्मदापुरम जिले के निवासियों को कराया जायेगा टेलिस्कोप से ग्रहों का दर्शन
- राजेश पाराशर 5 विशाल टेलिस्कोप से रविवार, 29 अक्टूबर को करायेंगे गुरूदर्शन
- फ्रेन्ड्स स्कूल प्रांगण में शाम 6 से रात्रि 9 बजे तक निःशुल्क कार्यक्रम



**इटारसी, देशबन्धु।** आदिवासी वर्ग के बच्चों के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने वाले विज्ञान शिक्षक राजेश पाराशर अपनी विज्ञान यात्रा के 37 साल होने पर विज्ञान 37 का आयोजन करने जा रहे हैं। इसकी प्रथम कड़ी के रूप में कल रविवार, 29 अक्टूबर को शाम 6 से रात्रि 9 बजे फ्रेन्ड्स स्कूल प्रांगण में 5 विशाल टेलिस्कोप की मदद से खगोलीय पिंडों का आकाश दर्शन कराया जायेगा। यह कार्यक्रम निःशुल्क रहेगा। इसमें स्कूली बच्चे अपने पालकों के साथ आकर जुपिटर, सेटर्न एवं मून का अवलोकन कर सकेंगे।

राजेश पाराशर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुम्बई से टेक्नोवीजन से आमंत्रित खगोल विज्ञान के रिसोर्स पर्सन शैलेष संसारे, प्रशांत एवं मंगेश आम लोगों को खगोल विज्ञान की जानकारी देंगे। राजेश पाराशर अपने वैज्ञानिक जागरूकता अभियान को सिर्फ स्कूल तक ही सीमित नहीं रखते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों तक भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ले जाते हैं। राजेश पाराशर को 2008 में राष्ट्रपति तथा राज्यपाल सम्मान प्राप्त हो चुका है। विज्ञान 37 के अंतर्गत 37 घंटे तक चलने वाली वैज्ञानिक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

## सीएम राइज विद्यालय निर्माण के लिए हटाए वृक्ष सूखने लगे



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** नगर में सीएम राइज स्कूल में विद्यालय निर्माण कार्य के चलते यहां से पेड़ों का स्थानांतरण किया गया है। दरअसल यहां खेल मैदान के समीप स्थानीय फ्रेंडस क्लब और नगर के गणमान्य नागरिकों ने वृक्षारोपण किया था। इन वृक्षों को सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य के चलते स्थानांतरित किया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार द्वारा इन वृक्षों को बेतरतीब तरीके से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया। सिर्फ इतना ही नहीं देखभाल के अभाव में ये पेड़ सूखने लगे हैं। जिस पर फ्रेंड्स क्लव के सदस्यों ने ठेकेदार को जाकर समझाईश दी और पुनः वृक्षों की देखरेख बेहतर तरीके से करने को कहा, ताकि हरियाली बरकरार रहे।

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में

# निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है आदर्श आचरण संहिता

भारतीय प्रजातंत्र की सफलता में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुगमता से सम्पन्न करवाने में जहाँ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का उपयोग होता है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा- निर्देश भी है, जिनका पालन सभी को करना होता है। कुछ मार्गदर्शी सिद्धांत भी निर्वाचन प्रक्रिया को अहम बनाते हैं। इसी के अनुरूप चुनाव आयोग राजनैतिक दलों और अभ्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आचरण संहिता का प्रकाशन प्रत्येक आम चुनाव के लिए करता आया है।

आदर्श आचरण संहिता के पहले बिंदु में राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों से साधारण आचरण की अपेक्षा की गई है। उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो जातियों, समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाये, घृणा की भावना अथवा तनाव पैदा करें, अन्य दलों की आलोचना करते समय उनकी नीतियों, कार्यक्रम, पूर्व रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखा जाए। व्यक्तिगत आलोचना और जातीय या साम्प्रदायिक संदर्भों से बचना चाहिए। वोट लेने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं की जानी चाहिए। धार्मिक स्थलों का उपयोग प्रचार में नहीं किया जा सकता। मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर मत याचना, वोटिंग समाप्ति के नियत समय को खत्म होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान सभाएँ करना तथा वोटर को वाहन से मतदान केन्द्र तक ले जाना भ्रष्ट आचरण और अपराध की श्रेणी में आता है। अन्य अभ्यर्थी की निजी जिन्दगी में दखल देने, बिना अनुमति के निजी सम्पत्ति पर झण्डा, पोस्टर, बैनर लगाने तथा विरोधी दलों की सभाओं में बाधा पहुँचाने से दलों / उम्मीदवारों को बचना चाहिए।

सभाओं के आयोजन के संबंध में भी स्पष्ट निर्देश है कि प्रस्तावित सभा स्थल और समय के बारे में स्थानीय अधिकारियों को उपयुक्त समय पर सूचित किया जाए। पहले ही सुनिश्चित किया जाए कि प्रस्तावित सभा स्थल पर प्रतिबंधात्मक आदेश लागू नहीं है। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर या अन्य किसी सुविधा का उपयोग न करने तथा सभा में व्यवधान डालने वालों से निपटने के लिए पुलिस से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई है। जुलूस निकालने के संबंध में भी आदर्श आचरण अपनाने की बात का उल्लेख है। पहले ही तय करना होगा कि जुलूस किस समय और किस स्थान



से शुरू होगा। उसका मार्ग क्या होगा तथा किस स्थान पर समाप्त होगा। इसमें कोई फेरबदल नहीं होना चाहिए। इसकी सूचना भी स्थानीय पुलिस को दी जानी चाहिए। जुलूस मार्ग की पहले से अनुमति हो और जहाँ निषेधात्मक आदेश लागू हो, वहाँ से नहीं निकाला जाए तथा यातायात में कोई बाधा उत्पन्न न हो व्यवस्था ऐसी की जाए कि सड़क पर जब जुलूस निकले तो आधी सड़क खाली रहे। दो जुलूस के एक ही सड़क से निकलने की स्थिति में उन्हें अलग-अलग समय दिया जाएगा ताकि उनमें टकराव न हो। जुलूस में ऐसी वस्तुओं को लेकर चलने में प्रतिबंध रहे, जिनका अवांछनीय तत्वों द्वारा विशेष रूप से उत्तेजना के दौरान हिंसा के प्रयोजन से दुरुपयोग किया जा सके। राजनैतिक दलों, नेताओं के पुतले लेकर चलने तथा उसको जलाने से परहेज करना चाहिए।

राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों से शांतिपूर्वक मतदान करवाने की अपेक्षा की गई है, ताकि मतदाता बिना किसी परेशानी या बाधा के वोट डाल सके। दलों/ उम्मीदवारों को अपने अधिकृत कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र या बिल्ले दिये जाएँ । मतदाताओं को सफेद कागज पर जो पहचान पर्ची दी जाएँ, उस पर कोई प्रतीक, दल या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। मतदान के दिन या उसके पहले के 48 घंटे के दौरान शराब का वितरण आदि न हो। मतदान केन्द्रों के समीप लगे कैम्प में अनावश्यक भीड़ न होने दें। ये भी सुनिश्चित हो कि जो कैम्प लगे, वे साधारण हो, उन पर पोस्टर, झण्डे, प्रतीक या अन्य कोई प्रचार सामग्री प्रदर्शित न हो। जो वाहन प्रयुक्त हो उसके लिए परमिट लिए जाएँ तथा जो वाहनों पर चस्पा हो। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अलावा किसी भी व्यक्ति को आयोग के प्राधिकार पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाता है। विशिष्ट शिकायत या समस्या होने पर उसकी सूचना प्रेक्षक को दी जा सकेगी। सत्ताधारी दल को सुनिश्चित करना चाहिए कि यह शिकायत करने का मौका किसी को न मिले कि उसके द्वारा निर्वाचन के प्रयोजन के लिए सरकारी पद का उपयोग किया गया है। मंत्रियों को शासकीय दौरों को प्रचार के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। प्रचार के दौरान शासकीय मशीनरी या कर्मियों का उपयोग नहीं करना चाहिए। सरकारी विमानों, वाहनों, मशीनरी और कर्मियों का उपयोग भी नहीं किया जाए। सताधारी दल को चाहिए कि सार्वजनिक स्थान पर सभाएँ करने या हैलीपेड के इस्तेमाल में अपना एकाधिकार न जमाएँ। ऐसे स्थान दूसरे दलों और उम्मीदवारों को भी उनकी शर्तों पर करने दिया जाए, जिन शर्तों पर सत्ताधारी दल स्वयं उपयोग करता है। विश्राम गृहों, डाक बंगलो या सरकारी आवासों पर भी एकाधिकार न हो। इनका उपयोग प्रचार कार्यालय या सार्वजनिक सभा के लिए नहीं किया जाए।

सत्ताधारी दल की उपलब्धियों को दिखाने वाले राजनैतिक समाचारों एवं सरकारी खर्चे से समाचार पत्र या अन्य माध्यमों में विज्ञापनों को जारी किया जाना तथा सरकारी जन माध्यमों का दुरुपयोग ईमानदारी से बिल्कुल नहीं होना चाहिए। मंत्रीगण अपने विवेकाधीन निधि से अनुदान की स्वीकृति नही दे सकेंगे। वे किसी भी रूप में कोई भी वित्तीय स्वीकृति या वचन देने की घोषणा तथा परियोजनाओं की आधारशिला भी नहीं रख सकेगें। सड़कों के निर्माण का वचन तथा पीने के पानी की सुविधाएँ भी नहीं दे सकेंगे। शासन या सार्वजनिक उपक्रमों के ऐसी कोई तदर्थ नियुक्ति नहीं की जा सकेगी जो मतदाता को प्रभावित करने वाली हो। केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार या मतदाता अथवा अधिकृत एजेंट की हैसियत को छोड़कर मतदान या मतगणना केन्द्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### घोषणा पत्र

चुनाव आयोग ने घोषणा पत्र के संबंध में भी निर्देश जारी किये है। घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं होना चाहिए जो संविधान में दिये गये सिद्धांतों और आदर्शों के प्रतिकूल हो । राजनैतिक दलों को ऐसे वायदे करने से बचना चाहिए जो निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को दूषित करें या वोटर के मताधिकार में कोई अनुचित प्रभाव डाले। वित्तीय अपेक्षाओं को पूरा करने के साधनों का व्यापक रूप से घोषणा पत्र में उल्लेख होना चाहिए। वायदे ऐसे हो, जिन्हें पूरा करना संभव हो सके।

## लोकसभा-विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की खर्च सीमा

भारत निर्वाचन आयोग ने 6 जनवरी 2022 को एक बड़ा फैसला लेते हुए संसदीय और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च की सीमा में वृद्धि की थी। खर्च वृद्धि का निर्णय वर्ष 2014 के सात साल बाद लिया गया। चुनाव आयोग के नये नियम के मुताबिक लोकसभा चुनावों में जिन राज्यों में अभी तक उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की सीमा अधिकतम 70 लाख थी, उसको बढ़ाकर 95 लाख किया गया है। इसके अलावा जिन राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेश में यह सीमा 54 लाख थी, उसे बढ़ाकर 75 लाख किया गया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए चुनावी खर्च की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 28 लाख और जिन राज्यों में 28 लाख थी उसे बढ़ाकर 40 लाख कर दिया गया है। नई खर्च सीमा जनवरी 2022 से सभी चुनावों पर लागू कर दी गई है। मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी नवंबर माह में विधानसभा चुनाव होने है। जबकि माह अप्रैल, मई 2024 में लोक सभा चुनाव होंगे। मध्यप्रदेश में अब लोकसभा के उम्मीदवार 70 लाख की जगह 95 लाख रू. खर्च कर सकेंगे। इस प्रकार वे विधानसभा चुनाव में 40 लाख रू. तक खर्च कर पायेंगे। पहले खर्च की सीमा 28 लाख रूपये थी। जिन 4 अन्य राज्यों में चुनाव हो रहे है। उनमें शामिल छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना में भी यही राशि निर्धारित की गई है। मिजोरम में जहां लोकसभा के उम्मीदवार 95 लाख तो विधानसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार 28 लाख ही खर्च कर पायेंगे।

## किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, भाजपा ने किया पलटवार

# किसानों को नहीं मिलता समर्थन मूल्य



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बीच किसानों पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने जहां समर्थन मूल्य और किसान सम्मान निधि को लेकर सरकार को घेरा तो वहीं इस मुद्दे पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार किसानों से छलावा कर रही है। सरकार समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी की घोषणा तो करती है, लेकिन किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिलता। सर्मथन मूल्य का सच छिपाकर किसानों की योजनाओं पर ताला लगाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। समर्थन मूल्य लागत से कम दिया जा रहा है। खुद सरकार ने समर्थन मूल्य से अधिक कीमत मांगी थी। महाराष्ट्र और गुजरात ने भी इसकी मांग की थी, लेकिन बावजूद इसके कीमत कम मिल रही है। गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए घोषित की गई है, जबकि 2400 रुपए किसान की बोवाई की लागत है। उन्होंने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र ने 4 हजार, गुजरात ने 3 हजार से ज्यादा की लागत बताई है। सुरजेवाला ने कहा कि फरवरी 2016 में सीहोर में मुख्यमंत्री ने कहा था किसान को लागत और मुनाफा देंगे। रबी का एमएसपी और कम है, किसान से किया गया वादा धराशायी हुआ है। सरकार एमएसपी की घोषणा करती है, लेकिन किसान को समर्थन मूल्य नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में सरकार ने एक और छल किया है। 2023-24 में बजट में भावन्तर योजना का 1 हजार रुपए मात्र रखा गया था। 21-22 और 22-23 में एक फूटी कौड़ी शिवराज सरकार ने खर्च नहीं की।

### सम्माननिधि से प्रदेश के 9 लाख किसानों के नाम हटाए

सुरजेवाला ने कहा कि सरकार ने किसान सम्मान निधि को किसान अपमान निधि बना दिया। भाजपा सरकार 9 लाख किसानों को 8 अगस्त 2023 से किसान सम्मान निधि नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर सुरजेवाला ने कहा कि दो करोड़ किसानों के नाम किसान सम्मान निधि की सूची से हटाए गए हैं। इनमें मध्य प्रदेश के 9 लाख किसान भी शामिल हैं। सुरजेवाला ने कहा कि किसान स्वामीनाथन आयोग के हिसाब से मांग करते हैं। कांग्रेस ने किसानों को वचन दिया है। केंद्रीय कृषि विभाग की रिपोर्ट का हवाला देते सुरजेवाला ने यह दावा किया कि पिछले 7 साल में किसानों की आए बढ़ने के स्थान पर कम हुई है। खेती के उपकरण महंगे हुए हैं। खेती करने की लागत बढ़ी है।

# किसानों को लेकर भ्रम फैला रहे सुरजेवाला



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने किसानों को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीखा पलटवार किया है। पार्टी ने कहा है कि सूरजेवाला ने मध्यप्रदेश में झूठ की दुकान खोल ली हैं और वे किसानों को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। वे झूठे आंकड़ों का सहारा लेकर खुद अपनी ही पार्टी की पोल खोल रहे हैं। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस को और रसातल में धकलेने के लिए सुरेजवाला ने झूठे और फर्जी आंकड़ों का सहारा लेकर खुद अपनी ही पार्टी की पोल खोलने में लग गए हैं। सुरेजवाला और करें तो क्या करें, क्योंकि कपड़ा फाड़ और परिवारवाद की दुकान मध्यप्रदेश कांग्रेस में फलने-फूलने के बाद उन्होंने सोचा क्यों न झूठ की दुकान खोलकर अपनी राजनीतिक रोटियां यहां सेकी जाएं।

श्री अग्रवाल ने आंकड़े देकर कहा कि वर्ष 2002-03 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस शासनकाल में किसानों से समर्थन मूल्य पर खाद्यान्नों की खरीदी ही नहीं होती थी। किसानों को 15-16 प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण मिलता था। प्राकृतिक आपदा में फसल नुकसान होने पर मिलने वाली राहत ऊंट के मुंह में जीरे के समान थी। वर्ष 2018 में किसानों को कर्ज माफी का सपना दिखाकर उन्हें डिफाल्टर बना दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने डिफाल्टर किसानों के ब्याज का ऋण जमा किया है।

### प्रतिवर्ष बढ़ाया जा रहा समर्थन मूल्य

श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समर्थन मूल्य को लेकर मध्यप्रदेश की जनता और किसानों में भ्रम फैलाने का कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य प्रतिवर्ष बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में गेहूं का समर्थन मूल्य 2015 रूपए था। 2023-24 में समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 2125 किया गया। हाल ही में केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रूपए घोषित किया है।

### किसान सम्मान निधि को लेकर भी बोला झूठ

श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता रणदीप सुरजेवाला किसान सम्मान निधि को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि मध्यप्रदेश के करीब 80 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री कल्याण योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन की सरकार मध्यप्रदेश के किसानों को प्रति वर्ष 12 हजार रूपए नकद बैंक खातों में भेज रहे हैं। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रति वर्ष मध्यप्रदेश के करीब 80 लाख किसानों को 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष प्रदान कर रही है, वहीं मध्यप्रदेश सरकार मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत भी प्रति वर्ष प्रदेश के किसानों को 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष प्रदान कर रही है।

### भाजपा सरकार में 4 गुना बढ़ा खाद्यान्न उत्पादन

श्री अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2002-03 में कांग्रेस शासनकाल में खाद्यान्न उत्पादन मात्र 159 लाख मीट्रिक टन था, जो अब करीब चार गुना बढ़कर लगभग 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है। फसल बीमा योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में किसानों के 1.43 करोड़ से से अधिक दावों में 20 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। मध्यप्रदेश को वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक लगातार 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त हुआ है।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले-

# कांग्रेसियों का राम भक्त बनना चुनावी पाखंड है



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि चुनाव आएंगे, जाएंगे राजनीति होती रहेगी पर आस्थाओं के साथ खिलवाड़ और मजाक देश स्वीकर नहीं करेगा। कांग्रेसियों का राम भक्त बनना चुनावी पाखंड है। कांग्रेस की असली दिक्कत प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से और श्री राम से है। कांग्रेस को घृणा सनातन से तो थी ही, अब नफरत का स्तर इतना बढ़ गया है कि कांग्रेस को राम मंदिर के चित्र वाले होर्डिंग्स से भी पीड़ा होने लगी है। ऐसा क्यों है जब भी राम मंदिर निर्माण से जुड़ा कोई सुखद कार्य होने लगता है कांग्रेस का दर्द बढ़ जाता है। यह बात उन्होंने भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। श्री शर्मा ने कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा के बयान को तुष्टिकरण से प्रेरित बताया और कहा कि कांग्रेस का मुगलों के प्रति प्रेम और सनातन के प्रति घृणा को प्रदर्शित करता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का यह असर है और हमारी हिंदुत्व के विचारों की विजय कि बाबरी के पैरोकार कमलनाथ आज राम मंदिर को सनातन का मंदिर बता रहे हैं। कांग्रेस कहती है भगवान राम देश के है, बिल्कुल सही है फिर कांग्रेस को भी भगवान राम को होर्डिंग लगाने चाहिए लेकिन अगर उनका राम प्रेम छद्म है और बाबर प्रेम सर्वापरी है, तो वह जाकर बाबर के होर्डिंग लगाये।

श्री शर्मा ने कहा कि अब चुनावी साल में सनातन को मिटाने की धारणा रखने वाले, हिन्दुओं से नफरत करने वाले कांग्रेसी, छद्म सनातनी वेष धारण कर के घूम रहे हैं।

# प्रसिद्ध आदिवासी शासकों को श्रद्धांजलि देकर शाह ने की प्रदेश दौरे की शुरूआत



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जबलपुर में रानी दुर्गावती अस्पताल के पास उनके स्मारक पर प्रसिद्ध गोंडवाना आदिवासी शासकों शंकर शाह और उनके बेटे रघुनाथ शाह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करके चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की अपनी तीन दिवसीय यात्रा शुरू की।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने राज्य में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में भाजपा की मंडल स्तरीय पार्टी बैठक की अध्यक्षता की। गोंडवाना के शासक पिता-पुत्र शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने अन्यायी और दमनकारी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। दोनों को तोपों से बांध कर उड़ा दिया गया था। उनकी वीरता और देशभक्ति के लिए व्यापक रूप से सराहना की जाती है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, अश्विनी वैष्णव और भूपेन्द्र यादव, मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख वीडी शर्मा और अन्य नेता शाह के साथ थे। शाह पहले यहां डुमना हवाईअड्डे पर पहुंचे थे। जबलपुर के अपने दौरे के बाद, शाह छिंदवाड़ा जाकर जुन्नारदेव में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे और फिर भोपाल के लिए उड़ान भरेंगे।

पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि अगले दो दिनों में शाह संभागीय बैठकों, सार्वजनिक समारोहों को संबोधित करने और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए छतरपुर, रीवा, शहडोल, उज्जैन, इंदौर और ग्वालियर जिलों का दौरा करेंगे। मप्र में मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

## शाह आज भोपाल, खजुराहो, रीवा, उज्जैन प्रवास पर

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी 29 अक्टूबर को भोपाल, खजुराहो, रीवा, उज्जैन एवं 30 अक्टूबर को इंदौर एवं ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। श्री अमित शाह 29 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे वीआईपी रोड भोपाल स्थित राजाभोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। आप प्रात: 11.30 बजे खजुराहो के होटल रमाडा पहुंचकर सागर संभाग की संभागीय बैठक का मार्गदर्शन करेंगे। दोपहर 2.50 बजे रीवा जिले के वृंदावन गार्डन झिरिया में रीवा एवं शहडोल संभाग की संभागीय बैठक में शामिल होंगे। उसके पश्चात शाम 6.30 बजे उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन कर फ्रीगंज स्थित टावर चौक में जनसभा को संबोधित करेंगे। रात्रि 8.30 बजे होटल रूद्राक्ष में उज्जैन संभाग की संभागीय बैठक में भाग लेंगे। श्रीशाह 30 अक्टूबर को प्रात: 11.30 बजे इंदौर के होटल ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर हाल विजय नगर में इंदौर संभाग की संभागीय बैठक को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.30 बजे होटल रेडीसन सिटी सेंटर ग्वालियर में ग्वालियर चंबल संभाग की संभागीय बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने धूलकोट, सुंद्रेल और महेश्वर में चुनावी सभाओं को किया संबोधित, कहा-

# कांग्रेस का पिछला वचन पत्र झूठा था, एक वादा पूरा नहीं किया

### प्रियंका जी का झूठ सुनकर मैं हैरान हूं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशियों, नेपानगर से मंजू राजेन्द्र दादू, धरमपुरी से कालू सिंह ठाकुर और महेश्वर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार मेव के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस और प्रियंका गांधी के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर जमकर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में फिर से प्रियंका गांधी आई हैं और फिर से झूठ की दुकान सज रही है। मुख्यमंत्री ने प्रियंका गांधी से कई सवाल भी पूछे और कहा कि अगर साहस है तो मैडम प्रियंका सवालों का जवाब दें और स्वीकार करें कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो वचन-पत्र जारी किया था, वह झूठा था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कांगेस को भगवान राम और राम मंदिर से तकलीफ है। भगवान राम के होर्डिंग हटवाने वाले कांग्रेसियों, लोगों के दिलों से भगवान राम को कैसे निकालोगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रियंका गांधी आज मध्यप्रदेश आई थीं। मैं हैरान हूं कि वे अपने भाषण में कितना झूठ बोलकर गईं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये झूठे लोग हैं, इनके परिवार ने इनको केवल झूठ बोलना ही सिखाया है। मुख्यमंत्री ने प्रियंका गांधी के 3 साल में केवल 21 नियुक्ति वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि 65 हजार युवाओं को तो नियुक्ति पत्र इस साल ही दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रियंका गांधी से पूछा कि आपके भाई राहुल गांधी ने कहा था 10 दिनों में कर्ज माफ होगा नहीं तो मुख्यमंत्री बदल देंगे, लेकिन ना कर्ज माफ हुआ और ना ही मुख्यमंत्री बदला। उन्होंने कहा कि, वैसे तो कांग्रेस नहीं आ रही है, लेकिन आ गई तो ना लाड़ली रहेगी ना बहना रहेगी। कमलनाथ तो केवल पैसों का ही रोना रोते थे कि, मामा खजाना खाली कर गया। जब पैसा ही नहीं था तो मुख्यमंत्री क्यों बन गए थे। उन्होंने कहा कि, मेरे पास पैसों की कमी नहीं है। रसोई गैस का सिलेंडर 450 में ही दूंगा। कई नाम छूट गए हैं, लेकिन चुनाव के बाद उनके भी नाम जोड़े जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि, प्रियंका गांधी में साहस है तो इन सवालों के जबाव दें कि, गरीब बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को जो 1000 रूपए देते थे, कमलनाथ ने क्यों बंद किया। कांग्रेस ने संबल योजना क्यों बंद की, गरीब बहनों के पैसे देना क्यों बंद कर दिए। बेटा-बेटी के जन्म के समय मिलने वाले 12,000 रूपए क्यों बंद किए। बच्चों के लैपटॉप क्यों बंद कर दिए। बेटियों की शादी तो करवा दी, लेकिन उनके पैसे क्यों रोके। बुजुर्गों की तीर्थ दर्शन योजना क्यों बंद की। किसान सम्मान निधि की राशि के लिए किसानों की सूची प्रधानमंत्री जी को क्यों नहीं भेजी। गरीबों के मकान जो प्रधानमंत्री जी ने भेजे थे, वापस क्यों कर दिए। एक और बड़ा अपराध किया 2019 में जल जीवन मिशन लागू हुआ, हर गांव में हर घर में टोटी वाला नल लगाकर जल देने के लिए आपने महिलाओं के साथ अन्याय किया और योजना का कार्य शुरू नहीं कराया। कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन में कार्य शुरू ही नहीं किया क्यों। आपने कहा था 4000 रूपए बेरोजगारी भत्ता देंगे, एक पैसा भी नहीं दिया। युवाओं को फिर ठगने आ रहे हो। सबका कर्ज माफ करने का वादा किया था लेकिन वो भी नहीं किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**चुनाव के समय धर्म की....** सरकारों ने हिमाचल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन लागू की, कांग्रेस की सरकार बनने पर मध्यप्रदेश में भी पुरानी पेंशन लागू की जाएगी। मंहगाई के मुद्दे पर आते हुए उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल, खाद, बिजली, पानी सब कुछ इन्होंने महंगा कर रखा है, किसानों को किसी भी तरीके की राहत देने का काम यह सरकार नहीं करना चाहती है और इस तरह से लगातार महंगाई एकतरफा बढ़ती जा रही है। प्रियंका ने यहां जातिगत जनगणना पर कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय की मांग कर रही है, जबकि यह सरकार यह काम नहीं करना चाहती है, बल्कि इवेंट और मीडिया के माध्यम से आपको बताती है कि हम ओबीसी, दलित और आदिवासियों के लिए काम कर रहे हैं। प्रियंका ने यहां भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने के साथ ही कहा कि भाजपा शासन और अंग्रेजी शासन में कोई अंतर नहीं बचा है।

आमसभा का संचालन सीपी मित्तल ने किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कमलकांत शर्मा, सभा प्रभारी सुधांसु द्विवेदी, श्रीराम पाराशर, सुरेश पचौरी, रहली प्रत्याशी ज्योति पटेल, विधायक नाती राजा, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, नपा अध्यक्ष मंजु वीरेन्द्र राय, मनु मिश्रा, मानक पटेल, सतीश जैन, मनीषा दुबे, रूद्रप्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, सुषमा विक्रम ठाकुर, राशु चौहान, रोहन पाठक, राजा राय, राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, मंजीत यादव, बबलू भट्ट, रोहन पाठक, पारूल टंडन, पवन गुप्ता, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केके वर्मा, भूपेन्द्र आजवानी, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, अनिल जैन, अखिल टंडन, बृजेश पटेल, अमर सिंह पार्षद सहित मंडलम सेक्टर प्रकोष्ठ सहित जिले के कांग्रेसजनों एवं आमजनता की उपस्थिति रही। कांग्रेस महासचिव श्रीमती गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर गेहूं और धान का समर्थन मूल्य 26 सौ और 25सौ रुपये करेंगे, जिसे 3 हजार रूपये तक लेकर जाएंगे, सौ यूनिट बिजली बिल माफ करेंगे। हम गैस का सिलेंडर 5 सौ में दिया जाएगा, स्कूली शिक्षा के लिए स्कूल के बच्चों को हम 5 सौ से 15 सौ रुपये दिए जाएंगे।

**राहुल को है बुंदेलखण्ड की....** लोगों को चुनौती देता हूं कि मेरे ऊपर एक भी सुई की नोक के बराबर भी भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध करो तो मैं चुनाव से हट जाऊंगा मैं सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लूंगा। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि कमलनाथ ने जिले की चारों सीटों दमोह से अजय टंडन, जबेरा से प्रताप सिंह, पथरिया से राव बृजेन्द्र सिंह, हटा से प्रदीप खटीक को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित किया है। वह सभी सहज, सरल एवं जमीनी कार्यकर्ता हैं और वह इस मंच से विश्वास के साथ कहते हैं चारों प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेंगें।

**कांग्रेस को चला रहे 3....** जैसे जननायकों, स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देते हुए उनके म्यूजियम बनाए और पहली बार एक आदिवासी परिवार की बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शंकरशाह के नाम पर रखा। श्री शाह ने कहा कि पहले आदिवासियों के लिए सिर्फ जल, जंगल और जमीन की बात होती थी, लेकिन अब इसके साथ ही सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास की बात होने लगी है। उन्होंने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार सिर्फ 29 हजार करोड़ आदिवासियों पर खर्च करती थी, अब मोदी सरकार 1 लाख 38, हजार करोड़ खर्च कर रही है। केंद्र सरकार आदिवासियों के लिए अलग से 75 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने छिंदवाड़ा जैसे जिलों के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन बनाए हैं, ताकि खनिजों से मिल रहे राजस्व का हिस्सा जिले की परियोजनाओं पर भी खर्च किया जा सके। श्री शाह ने कहा कि छिंदवाड़ा आदिवासी बहुल जिला है। यहां महादेवपुरी कोलमाइंस की परमिशन हो चुकी है, दो बाकी हैं, भाजपा की सरकार बनने के बाद वो काम भी हो जाएंगे। सभा के दौरान केन्द्रीय मंत्री शाह के समक्ष कांग्रेस के छिदवाड़ा जिले के कार्यवाहक अध्यक्ष सीताराम डेहरिया और कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष विनय भारती अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का नवसंचार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद एवं बूथ कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा मध्यप्रदेश में विजय का नया इतिहास रचेगी। केन्द्रीय मंत्री और नरसिंहपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद सिंह पटेल ने जनसभा में कहा कि जब मैं यहाँ लोकसभा का उम्मीदवार था तब छिंदवाड़ा में बाहुबल, धनबल और झूठ चलता था। बाहुबल पहले समाप्त हो चुका है, इस बार धनबल और कांग्रेस का भ्रम भी समाप्त हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह, छिंदवाडा विधानसभा के पार्टी प्रत्याशी व जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, परासिया विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती ज्योति डेहरिया, पाढूंना प्रत्याशी प्रकाश उइके, जुन्नारदेव प्रत्याशी नत्थन शाह, चौरई प्रत्याशी लखन वर्मा, सौंसर प्रत्याशी नानाभाउ मोहोड सहित जिले के पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

# मैहर विधानसभा : त्रिकोणीय मुकाबले के आसार


• **मैहर से नरेन्द्र कुमार मौर्य की रिपोर्ट**

**सतना, देशबन्धु।** मैहर विधानसभा क्षेत्र में घूमते हुए मतदाता की खामोशी चौंकाती है। बरहिया गांव के मोहन लाल और एक आदिवासी सज्जन बार बार पूछने पर भी कहते हैं, अभी कुछ सोचा नहीं है। जैसा गांव, समाज में तय होगा, वैसा करेंगे। फिर अंत में वे धीरे से कहते हैं कि सत्ता तो बदलना चाहिए।

यही स्थिति पूरे क्षेत्र की है। शुरूआत में जब कुर्मी समाज में अच्छा प्रभाव रखने वाले मनीष पटेल से हम मिले तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी धर्मेश घई कमज़ोर साबित होंगे। वे नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए जब नगर का विकास नहीं कर पाए तो क्षेत्र का क्या करेंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के सर्वे में राम निवास उरमलिया का नाम आया था, लेकिन टिकट धर्मेश को मिली। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और नारायण त्रिपाठी के बीच होगा।

उधर क्षेत्र में दबी जुबान से ही सही, मगर लोग बदलाव की इच्छा ज़ाहिर करते हैं। यह इच्छा सिर्फ विधायक बदलने की नहीं है बल्कि सरकार बदलने की है और यह कूवत सिर्फ कांग्रेस में ही है, इसलिए धर्मेश घई मुकाबले में हैं और नारायण त्रिपाठी के चलते यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। मैहर के नादन गांव में दुकानदारी करने वाले विष्णु सिंह साकेत ने नारायण त्रिपाठी पर भरोसा जताया है। दूसरी ओर एक अन्य दुकान पर बैठे कुछ लोगों से चर्चा हुई तो उन्होंने सरकार बदलने की बात कही। यह भी कहा कि यह काम कांग्रेस ही कर सकती है, इसलिए लोग धर्मेश घई को वोट दे सकते हैं। एक अन्य ग्रामीण तुलसीदास साकेत ने भी इस बात की पुष्टि की और कहा कि हवा है ओर सरकार का बदलना तय है।

यह सच है कि अभी तक मतदाता खुलकर नहीं बोल रहे हैं, लेकिन सरकार के प्रति नाराजगी लाख छिपाने पर भी नजर आ ही जाती है। मैहर विधानसभा में अब छह प्रत्याशी मैदान में हैं। कांग्रेस से धर्मेश घई, भाजपा से श्रीकांत चतुर्वेदी, विंध्य जनता पार्टी से नारायण त्रिपाठी, बसपा से वीरेन्द्र कुशवाहा, आम आदमी पार्टी से बैजनाथ कुशवाहा और सपा से चंद्र प्रकाश पटेल। क्षेत्र में कुशवाहा वोट बसपा और आप में बंट सकते हैं। सपा का कोई जनाधार नहीं है। इस तरह कांग्रेस, भाजपा और विंध्य जनता पार्टी के बीच ही मुकाबला है।


### कुर्मी समाज के वोट निर्णायक साबित होंगे

मनीष पटेल मैहर की चर्चित हस्ती हैं। वे तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं। एक बार कांग्रेस- भाजपा से और एक बार निर्दलीय के रूप में। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उन्हें 35 हजार वोट मिले थे। इस बार वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, इसलिए सभी प्रत्याशी उनका समर्थन चाहते हैं ताकि पटेल वोट जो यहां करीब 35-40 हजार है वो उन्हें मिल जाएं और उनकी जीत सुनिश्चित हो जाए। ये अलग बात है कि मनीष अपने पत्ते नहीं खोल रहे और कहते हैं कि एक तारीख को मैं ना केवल अपने प्रत्याशी को समर्थन दूंगा बल्कि उनके लिए सड़क पर भी उतरूंगा। भले ही उन्होंने स्पष्ट कुछ ना कहा हो, लेकिन उनकी बातचीत से लगता है कि वे भाजपा प्रत्याशी श्रीकांत चतुर्वेदी का समर्थन करने वाले हैं। अगर ऐसा होता है तो भाजपा के जीतने की संभावनाएं ज़्यादा हैं।

घुनवारा करेगा मतदान बहिष्कार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणाएं पूरी न होने से घुनवारा गांव के वासी इतने दुखी हैं कि उन्होंने मतदान बहिष्कार जैसे बड़े कदम की घोषणा कर दी है। आखिर 12 हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव घुनवारा को ये कदम क्यों उठाना पड़ा? गांव के योगेश अवधिया बताते हैं कि 26 सितंबर 2015 को यहां प्रदेश का पहला अन्त्योदय मेला लगाया गया था। उसमें ग्रामीणों की चार मांगें स्वीकार की गई थी, पहली थी घुनवारा को तहसील का दर्जा देना। घुनवारा अभी नाम की उप तहसील है। दूसरी थी आईटीआई की स्थापना, तीसरी घुनवारा से पन्ना- बसेरा पहुंच मार्ग का निर्माण करना और चौथी थी नगर पंचायत बनाना।वे बताते हैं कि मई 2016 में आईटीआई चालू कर दी गई। इसके लिए पांच एकड़ जमीन पर निर्माण होना था, जमीन स्वीकृत भी हो गई। शुरूआत में ही 21 छात्रों ने एडमिशन ले लिया था। उनका एक पेपर हुआ और फिर उन्हें मैहर आईटीआई में समाहित कर दिया गया, जबकि मैहर में मिनी आईटीआई है। इसके लेकर आंदोलन भी किया गया। वे छात्र भी सड़कों पर उतरे लेकिन कुछ नहीं हुआ।

यही हाल पन्ना- बसेरा पहुंच मार्ग का हुआ। उसके भी टेंडर हो गए थे, लेकिन आगे कुछ ना हुआ। स्थिति यह है कि घुनवारा उप तहसील भी सिर्फ नाम की है, उसका भी कोई काम नहीं हो रहा। योगेश कहते हैं कि हमने भूख हड़ताल की तब सांसद गणेश सिंह ने आश्वासन देकर अनशन खत्म कराया था। उन्होंने कहा था कि जल्द काम शुरू होगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री मैहर जा रहे थे, तब ग्रामीणों ने उन्हें रोककर अपनी समस्या बताई थी, उन्होंने ध्यान देने की बात की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अंत में गांव के लोगों ने मिलकर सामूहिक रूप से मतदान बहिष्कार का फैसला किया है। वे बताते हैं कि खबर सुनकर प्रशासनिक अमला नायब तहसीलदार कह अगुवाई में यहां आया था। वे कहने लगे कि आप लिखकर दीजिए कि मतदान का बहिष्कार नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने कहा, फिर आप भी लिखकर दीजिए कि हमारी मांग कब तक पूरी करेंगे। यह सुनते ही वे लोग चले गए। योगेश अवधिया कहते हैं कि 12 हज़ार की आबादी वाले गांव में 4989 मतदाता हैं। अभी नए मतदाता भी जुड़ गए हैं, तो यह संख्या बढ़नी चाहिए थी, लेकिन यह घटकर 4600 मतदाता ही रह गई है। कई जगह तो पूरे परिवार के वोट ही साफ हो गए। घुनवारा के साथ ऐसा पक्षपात ही हो रहा है। आखिर ग्रामीण कब तक बर्दाश्त करें।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।